हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

SUMEET
URBAN NEST

SUMEET
INFRACON

BEYOND **BHK**... INTO A **BOHK**

KHAMARDIH, SHANKAR NAGAR'S FIRST



HOMES

Belong where the outdoors is not an escape from home, but an extension of how you live every day.
Here, the outdoor becomes your favourite room.

LAUNCHING TOMORROW!

RERA No.: PCGRERA190326002064 | rera.cgstate.gov.in

SUMEET INFRACON

SUMEET URBAN NEST

When the outdoors are thoughtfully brought closer,
your home expands far beyond four walls.

3 towers | 152 residences | 2 & 3 spacious BHK

*All images are Artist's Impression

YOUR DAYS BEGIN INSIDE
AND STAY **CONNECTED TO THE OUTSIDE**

Here, no energy is expended in travelling from your apartment to the club under the Raipur Sun. From the indoors to outdoors, every space is designed to be so close to each other, it feels like a natural extension of itself.





LAUNCH BENEFIT!*

PAY 30% NOW

70% ON POSSESSION*

Exclusive privilege for the first 25 bookings.

OUTDOORS MERGES WITH INDOORS AT THE **GROUND AND PODIUM**



Landscape Garden | Walking/Jogging Track
Children's Play Area | Open Recreation Zone | Temple

OUTDOORS UNWINDING REFLECTS INTO **CLUB AIR**



Gymnasium | Indoor Games | Multipurpose Hall
Swimming Pool | Mini Theatre

OUTDOORS CELEBRATIONS COME TOGETHER WITH INDOOR FUN AT **THE ROOFTOP**



Walking/Jogging Track | Seating and Relaxation Areas
Open-sky Recreation Zones

BetheBee.in

*T & C Apply

STEP IN AND EXPERIENCE THE **BOHK** LIFESTYLE TODAY!

7247 7248 00 • **sumeeturbannest.com** • Site: Opposite Banyan Tree, Khamardih, Shankar Nagar, Raipur

SCAN FOR LOCATION

RERA No.: PCGRERA190326002064 | rera.cgstate.gov.in

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

768 दिव्यांगजन होंगे लाभान्वित

दंतेवाड़ा में 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय शिविर में दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के कुल 768 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं विभिन्न सहायक उपकरणों से लाभान्वित किया जाएगा। इनमें दंतेवाड़ा जिले के 509, बीजापुर के 197 और सुकमा के 62 दिव्यांगजन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 5 से 7 अक्टूबर 2026 के दौरान जगदलपुर में आयोजित शिविर में 3,600 से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हुए थे। इनमें अकेले बस्तर के 1,570 से अधिक लाभार्थी थे।

दोनों टीमों के लिए खास सीरीज

भारतीय टीम एशिया कप में जीत और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद इस सीरीज में उतर रही है। वहीं जिम्बाब्वे की टीम भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। रायपुर के दर्शकों के लिए यह मुकाबला खास होगा, क्योंकि शहर पहली बार महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर रहा है।

केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने किया शिविर का वर्चुअल उद्घाटन

नक्सलवाद समाप्त करना पर्याप्त नहीं खिलखिलाता बस्तर बनाना भी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

खास खबर



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दंतेवाड़ा में निःशुल्क दिव्यांगजन कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का वर्चुअल तौर पर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केवल नक्सलवाद समाप्त कर ⏭शेष पेज 7 पर

दिव्यांगजनों के जीवन में लौटी नई उम्मीद

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिव्यांगजनों से संवाद किया और उनके अनुभव जाने। सुकमा जिले के दिव्यांग पुलिस जवान मड़काम मुन्ना ने बताया कि वर्ष 2013 में गश्त के दौरान आईईडी विस्फोट में उनका बायाँ पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण पैर काटना पड़ा। अब कृत्रिम पैर ⏭शेष पेज 7 पर

स्मृति मंधाना की कप्तानी में उतरेगी टीम इंडिया, तीन मैचों की टी-20 सीरीज का होगा आगाज

रायपुर में आज पहली बार भिड़ेंगी भारत-जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमें, शाम 7 बजे से मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को भारत और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। इसके लिए दोनों टीमों ने पिछले तीन दिनों से मैदान पर जमकर अभ्यास किया है। रायपुर में पहली ⏭शेष पेज 7 पर

स्मृति के लिए अहम होगी कप्तानी की शुरुआत

स्मृति मंधाना के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारी नई नहीं है। वे घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र की कप्तानी कर चुकी हैं और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को महिला प्रीमियर लीग के दो खिताब दिला चुकी हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वे भारत के लिए 18 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में कप्तानी कर चुकी हैं, जिनमें टीम को 11 जीत मिलीं ⏭शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



एसआईआर मामले में सीईसी से मांगा जवाब, सुप्रीम कोर्ट 'मार्च' पर राहुल को नोटिस

सीजेआई की तल्ख टिप्पणी, बोले-कोई भी न्यायपालिका को डरा-धमका नहीं सकता

सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर और प्रदर्शन से जुड़े दो मुद्दों पर सुनवाई हुई। राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं की याचिकाओं पर शीर्ष न्यायालय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य से जवाब मांगा है। वहीं एक अन्य याचिका की सुनवाई करते हुए राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों के सुप्रीम कोर्ट तक निकाले गए मार्च पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सख्त टिप्पणी की। सीजेआई ने कहा कि कोई भी न्यायपालिका को डरा-धमका नहीं सकता और अदालतें 'आइवरी टावर' यानी दुनिया से कटकर नहीं बैठी हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूचियों से कथित रूप से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और एसआईआर में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा विपक्ष के 12 अन्य नेताओं की याचिका पर निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से गुरुवार को जवाब मांगा। मतदाता सूचियों के एसआईआर, दिल्ली में प्रदर्शनों, उच्चतम न्यायालय तक निकाले गए मार्च और पत्रकारों एवं वकीलों पर कथित हमलों से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई ⏭शेष पेज 7 पर

- राहुल के नेतृत्व में हुए शीर्ष अदालत तक मार्च के खिलाफ भी याचिका, मांगा स्पष्टीकरण

महिला पत्रकार का मामला भी उठा

भाटिया ने आरोप लगाया कि मार्च के दौरान उच्चतम न्यायालय परिसर में राहुल गांधी ने महिला पत्रकार को कथित तौर पर धक्का दिया था। पीठ ने भाटिया से याचिका दायर करने को कहा और आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर विचार करेगी।



केंद्रीय गृह सचिव की बिना शर्त मांगी

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अवमानना के एक मामले में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की ओर से बिना शर्त माफी मांगे जाने का जिक्र करते हुए कहा कि बिना शर्त माफी मांगने का यह मतलब नहीं है कि उठाए गए कदमों का बचाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है।

चुनाव आयोग को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े मामलों में राहुल गांधी, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिकाओं पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों से भी जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन मामलों की सुनवाई मुख्य मामले के साथ की जाएगी।

इधर, अभिनेता इमरान को 28 तक भारत छोड़ने का नोटिस

मुंबई। मुंबई पुलिस ने आप्रवास और विदेशियों विषयक अधिनियम के प्रावधानों के कथित उल्लंघन के मामले में बॉलीवुड अभिनेता एवं अमेरिकी नागरिक इमरान खान को 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में हुए एक विरोध प्रदर्शन में अभिनेता के भाग लेने के बाद की गई है।



एसआईआर के बाद नई तैयारी

छत्तीसगढ़ समेत 17 राज्यों में अब होगा एसएसआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मतदाता सूची के एसआईआर पर मचा घमासान अभी थमा भी नहीं है कि चुनाव आयोग एसएसआर लेकर आ गई है। छत्तीसगढ़ समेत देश के 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर के बाद मतदाता सूची में अपडेट के लिए विशेष संक्षिप्त संशोधन (एसएसआर) कराने का कार्यक्रम जारी हो गया है। जिन राज्यों में अगले साल या उसके बाद विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित करेगा। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को ऐलान किया कि 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किया जाएगा। इनमें कुछ वे राज्य भी शामिल हैं, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।



इन राज्यों में होगा एसआईआर

17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर, पंजाब, बिहार, तमिलनाडु, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरलम, असम, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं।





सुप्रीम कोर्ट का फैसला, हिंदू धर्म में लौटने पर भी पुराना दर्जा नहीं मिलेगा

धर्म बदलने के साथ आरक्षण खत्म, हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

तमिलनाडु सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वाले व्यक्ति को सिर्फ अपनी पुरानी जाति के आधार पर पिछड़े वर्ग के मुस्लिम (बीसीएम) आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस आदेश को रद्द करने के मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है, जिसके तहत हिंदू धर्म से इस्लाम अपनाने वाले कुछ समुदायों के लोगों को बीसीएम श्रेणी में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी।बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, पीठ ने कहा, 'हिंदू सामाजिक व्यवस्था से गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में धर्म परिवर्तन करने वाला व्यक्ति केवल अपने धर्म परिवर्तन से पहले की सामाजिक पिछड़ेपन की स्थिति के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत आरक्षण का दावा नहीं कर सकता।' कोर्ट ने यह भी दोहराया कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के तहत अनुसूचित जाति का दर्जा हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म मानने वालों तक सीमित है। फैसले में यह भी कहा गया कि दोबारा हिंदू धर्म अपनाने से किसी व्यक्ति का पहले वाला पिछड़ा दर्जा अपने आप बहाल नहीं हो जाता।

तमिलनाडु सरकार ने क्या दलील दी थी?

तमिलनाडु सरकार ने 6 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। राज्य सरकार का कहना था कि धर्म परिवर्तन करने से जाति से जुड़ी सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन की समस्याएं खत्म नहीं हो जातीं। सरकार के मुताबिक, आदेश का मकसद उन लोगों को आरक्षण के लाभ से वंचित होने से बचाना था, जिन्होंने इस्लाम अपना लिया है। सरकार ने यह भी कहा था कि यह फैसला तमिलनाडु पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों के आधार पर लिया गया था। राज्य का तर्क था कि इससे मौजूदा आरक्षण व्यवस्था या सामाजिक संतुलन पर असर नहीं पड़ेगा।

हाई कोर्ट ने इसलिए रद्द किया था आदेश

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु सरकार के आदेश को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस पीबी बालाजी की पीठ ने कहा था कि इस्लाम अपनाने भर से कोई व्यक्ति तमिलनाडु के अधिसूचित पिछड़े मुस्लिम समुदायों का सदस्य नहीं बन जाता। इन समुदायों में अंसार, डेक्कनी मुस्लिम, दुबेकुला, लब्बाई (राउथर और मरक्कायर सहित), मापिल्ला, शेख और सैयद शामिल हैं। हाई कोर्ट ने कहा था कि ये जन्म आधारित सामाजिक समूह हैं और सिर्फ धर्म परिवर्तन से इनमें सदस्यता नहीं मिल जाती।



यह है मामला

यह मामला समीर अहमद की याचिका से शुरू हुआ था। उन्होंने 2015 में हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाया था। बाद में उन्होंने मुस्लिम लब्बाई समुदाय का सदस्य बताते हुए सामुदायिक प्रमाणपत्र मांगा, लेकिन तहसीलदार ने उनका आवेदन खारिज कर दिया। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अपने 2024 के आदेश का बचाव करते हुए कहा था कि इसका मकसद धर्म परिवर्तन करने वाले सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण का लाभ जारी रखना था। हालांकि, हाई कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी है।

संविधान में यह है जाति और आरक्षण का नियम

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366(24) में अनुसूचित जातियों की परिभाषा दी गई है। इसके मुताबिक, अनुसूचित जातियां वे जातियां, नस्लें या जनजातियां हैं, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत **SC** के रूप में मान्यता दी गई है। अब सवाल है कि किसी जाति को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल कौन करता है? संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत राष्ट्रपति किसी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के लिए अनुसूचित जातियों की सूची अधिसूचित करते हैं। किसी जाति को इस सूची में शामिल करने या उससे बाहर करने का अधिकार संसद को कानून के जरिए है। यानी किसी जाति को **SC** की सूची में जोड़ने या हटाने का फैसला मनमाने तरीके से नहीं किया जा सकता।

खबर संक्षेप

हमारा ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि सरकार का ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर है,



ताकि युवाओं को अच्छी शिक्षा मिले और उन्हें दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए लद्दाख का विकास प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने लद्दाख में करीब 3,350 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन और लोकार्पण किया। इनमें लेह एयरपोर्ट का नया पैसेंजर टर्मिनल, 298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दरचा सड़क, 9 मेगावाट का हानू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, बिजली ट्रांसमिशन लाइन, देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क और 40 गांवों में बनाए गए जलाशय शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया : भारतवंशी सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में एक महिला का पीछा करने के आरोप में गिरफ्तार भारतीय मूल के एक सरकारी कर्मचारी की जमानत याचिका यहां की एक अदालत द्वारा खारिज कर दी गई। लोक-सेवक पर आरोप है कि उसने महिला तथा उसके परिवार की जानकारी हासिल करने के लिए सरकारी डेटाबेस का उपयोग करने की धमकी दी थी। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन न्यूज की एक खबर के अनुसार, पुलिस द्वारा सुयश सिन्हा (31) के घर पर दबिश देने के बाद उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

यातना के आरोप, अमेरिकी अदालत में पेश होंगे मादुरो

न्यूयॉर्क। वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नीको न्यूयॉर्क की एक अदालत में पेश होंगे। उन पर



संशोधित अभियोग में राज्य प्रायोजित दमन अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है, जिसके तहत दर्जनों लोगों को प्रताड़ित किया गया, जिनमें तीन अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। मादुरो और उनकी पत्नी मैनहट्टन की संघीय अदालत में अपने खिलाफ लगाए गए नए आरोपों को खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताने की उम्मीद है।

दिल्ली पुलिस ने कहा- प्रदर्शन को काबू करने लेंगे एक्शन

'काकरोच' आज निकालेंगे राजधानी दिल्ली में तिरंगा मार्च, हाईकोर्ट का रोक से इंकार

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में तिरंगा मार्च निकालेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगाने से इंकार किया है। इधर, दिल्ली पुलिस ने भी कड़ा रुख इख्तियार करते हुए हाईकोर्ट को बताया कि 16 अक्टूबर को कनॉट प्लेस में सीजेपी के प्रस्तावित प्रदर्शन को काबू करने के लिए सभी जरूरी कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके और आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा ने गुरुवार को दिल्ली में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण और एक्टर प्रकाश राज, स्टूडेंट फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसएफ़आई) नेता आइशी घोष सहित सिविल सोसाइटी से जुड़े कई लोग इसमें मौजूद थे। इसमें दीपके ने कल 16 अक्टूबर को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में तिरंगा मार्च में आम लोगों से शामिल होने का आह्वान किया। बता दें, सीजेपी केआशुतोष रांका और सौरव दास को जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराने के दौरान गिरफ्तार किया गया था। रांका और सौरव की गिरफ्तारी के बाद दीपके ने इस तिरंगा मार्च का ऐलान किया था। सूत्रों का कहना है कि सीजेपी को यहां प्रदर्शन की इजाजत नहीं मिली है। यदि अर्जी भी आएगी तो इजाजत नहीं दिए जाने की बात कही जा रही है। इस बीच दिल्ली हाई कोर्ट ने सीजेपी की इस प्रस्तावित तिरंगा मार्च के मामले में सख्ती दिखाई है। हाई कोर्ट ने पुलिस को हर वैध संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। हालांकि हाई कोर्ट ने इस प्रदर्शन पर रोक लगाने से इंकार किया है।

आशुतोष-सौरव की तिरंगा फहराने पर गिरफ्तारी के विरोध में हो रहा प्रदर्शन



सेंट्रल पार्क में जनता की एंट्री पर लगा बैन

दिल्ली पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि वो 'तिरंगा मार्च' से दूर रहें। पुलिस ने सुरक्षा चिंताओं और लागू निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए ये अपील की है और कहा कि प्रशासन 11 लोगों के एक ग्रुप को तय जगह पर तिरंगा ले जाने और राष्ट्रगान गाने की इजाजत दे सकता है, बशर्ते वो तय नियमों का पालन करें। इधर, दीपके ने अपने समर्थकों से कहा है कि वो शाम 5 बजे सेंट्रल पार्क में नेशनल फ्लैग लेकर इकट्ठा हों। इधर, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर 16, 17 अक्टूबर 2026 को कनाट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आमलोगों की एंट्री पर बैन लगा दिया है।

नेहा के संबोधन के दौरान हंगामा

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सड़कों पर उतरे कॉकरोच जनता पार्टी और आइसा की गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उस वक्त हंगामा हुआ, जब आंदोलन के मुख्य चेहरों में से एक नेहा बोरा संबोधित कर रहीं थी। दरअसल, उनके संबोधन के दौरान, एक पत्रकार ने सवाल पूछना शुरू कर दिया, जिस पर नेहा ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस का नियम है कि अंत में सवाल जवाब होता है। हालांकि शोर बढ़ने के बाद सभी लोग उठकर खड़े हो गए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को- बंद करो, दफा हो जाओ- कहते हुए सुना। इसके बाद आयोजकों से नेहा ने हंगामा करने वालों को बाहर निकालने को कहा। नेहा ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों के प्रति अपना समर्थन दिया, जिन्हें कथित तौर पर अरेस्ट कर लिया गया।

किसने क्या कहा

- **अभिजीत दीपके : तिरंगा फहराने को भी कानून का उल्लंघन माना गया। किसके लिए? ज्ञानेश कुमार के लिए। सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को बचाने के लिए प्रदर्शनकारियों और विपक्षी नेताओं को हिरासत में ले रही है**
- **नेहा बोरा : हिरासत में लेने और मारपीट करने से आंदोलन नहीं रुकेगा। हमारा आंदोलन किसी एक झंडे, पार्टी या व्यक्ति का नहीं है। दिल्ली से लेकर मुंबई तक यह आंदोलन जिंदा है**
- **प्रकाश राज : जो बचपन में मगरमच्छ से नहीं डरा, वह आज कॉकरोच से डर गया। सरकार ने हमें जंतर-मंतर से छूमंतर करने की कोशिश की, लेकिन हमने पूरे देश को जंतर-मंतर बनाने का फैसला किया है। हम देश के हर जिले और गांव को जंतर-मंतर बना देंगे**
- **प्रशांत भूषण : सरकार की बर्बरता जारी रही, तो सत्ता बदलनी होगी। भाजपा ने भी बार-बार आंदोलन करके सरकार बदली है। सरकार के खिलाफ विरोध करना कोई अपराध नहीं है। इस देश में तानाशाह सरकार नहीं चल सकती।**

हूती विद्रोहियों ने बनाया निशाना, 5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, 4 की मौत

यमन के राष्ट्रपति भवन पर बड़ा अटैक, बाल-बाल बचे प्रधानमंत्री मोहसेन

एजेंसी ▶▶| अदन

यमन के अदन शहर में हूती विद्रोहियों ने राष्ट्रपति भवन पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हमले के समय प्रधानमंत्री शाया मोहसेन अल-जिंदानी और सरकार के कई मंत्री परिसर में मौजूद थे, सभी सुरक्षित हैं। सूचना मंत्रालय के मुताबिक, हमले में 4 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 2 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने अदन में सऊदी अरब के सैन्य अभियान मुख्यालय पर हमला किया। हूती मीडिया ने हथियारों के भंडार को निशाना बनाने का दावा भी किया। अदन यमन सरकार की अंतरिम राजधानी है। देश में सरकार और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच लंबे समय से संघर्ष जारी है।



सऊदी अरब के समर्थन से लड़ रहा यमन

यमन में हूती विद्रोहियों और सरकार के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। सऊदी अरब यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करता है और हूतियों के खिलाफ लड़ रहे सरकारी सेनाओं को हवाई मदद देता है। वहीं, ईरान पर हूती विद्रोहियों को समर्थन देने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति भवन परिसर पर हमले से यमन में संघर्ष और बढ़ने की आशंका है।

2015 से जारी है सऊदी और हूतियों की लड़ाई

यमन में हूतियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद 2015 में सऊदी अरब ने कई देशों के साथ मिलकर उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया। सऊदी अरब चाहता था कि यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार दोबारा सत्ता में आए और हूतियों का कब्जा खत्म हो। इसके बाद कई साल तक यमन में हवाई हमले होते रहे। लेकिन हूतियों को पूरी तरह पीछे धकेलने में सऊदी गठबंधन कामयाब नहीं हो पाया। हूती अब भी यमन के बड़े हिस्से में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। उनकी लड़ाई का असर अब सऊदी अरब की सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।

6 महीने में स्कूलों में चौथा बड़ा हादसा

पाक में स्कूल की छत गिरी 35 की मौत, इनमें 34 बच्चे

एजेंसी ▶▶| पेशावर

पाकिस्तान के पेशावर में गुरुवार को एक प्राइवेट स्कूल की छत गिरने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया है। इनमें 34 छात्र और एक महिला टीचर शामिल हैं। सभी बच्चों की उम्र 13 साल या उससे कम है। हादसे के बाद निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह हादसा दीर कॉलोनी इलाके में हुआ। इसमें 40 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। उनके इलाज के लिए अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में डॉक्टरों और दूसरे कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पाकिस्तान में पिछले 6 महीने में स्कूली हादसे का यह चौथा मामला है। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने कहा कि मासूम बच्चों की जान जाना बेहद दुखद त्रासदी है। उन्होंने घायल बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और संबंधित अधिकारियों को उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



पहले भी हुए हैं हादसे

पाकिस्तान में इमारतों और उनकी छतों के गिरने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। इनके लिए आम तौर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को जिम्मेदार ठहराया जाता है। जुलाई में सिंध प्रांत के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय की बाहरी दीवार का हिस्सा गिरने से तीन लड़कियों की मौत हो गई थी। उनकी उम्र तीन से 13 वर्ष के बीच थी। इसी महीने लाहौर में एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की छत गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई थी। जून में लाहौर के एक निजी ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत हो गई थी। इससे दो महीने से भी कम समय पहले डेरा गाजी खान जिले के एक निजी स्कूल की कक्षा की छत गिरने से चार बच्चों की मौत हुई थी और 20 लोग घायल हुए थे।

सेना खरीदेगी एंटी-ड्रोन सिस्टम और स्पेशल ड्रोन

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना ड्रोन से निगरानी के साथ हमला करने और दुश्मन के ड्रोन को नष्ट करने की क्षमता भी बढ़ा रही है। जुलाई से सितंबर के बीच जारी खरीद प्रस्तावों से पता चलता है कि सेना ड्रोन युद्ध से जुड़ी पूरी व्यवस्था मजबूत कर रही है। इनमें दूर तक निगरानी, लक्ष्य पहचानने, एफपीवी ड्रोन से हमला या पेलोड गिराने, सैनिकों को ड्रोन की ट्रेनिंग और दुश्मन ड्रोन को खोजकर नष्ट करने वाला स्किल शामिल है। इसमें लंबी दूरी तक निगरानी, लक्ष्य पहचानने, एपपीवी ड्रोन से हमला करने या पेलोड गिराने, सैनिकों को ट्रेनिंग देने और दुश्मन के ड्रोन को नाकाम करने वाले उपकरण शामिल हैं।

नवरात्रि के पहले दिन हमला करने पहुंचा था, लेकिन राइफल जाम हुई

अमेरिका के मंदिर में नरसंहार की साजिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| इलिनॉय

अमेरिका के इलिनॉय में नवरात्रि के दौरान एक हिंदू मंदिर पर हमला करने की साजिश रचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 19 साल के अलेक्जेंड्रोस पापोराकिस पर आरोप है कि वह 11 अक्टूबर को भारतीय मूल के लोगों की सामूहिक हत्या करना चाहता था। पापोराकिस अपने घर से करीब 65 किमी गाड़ी चलाकर ऑरोरा में श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा था। इस मंदिर में छुट्टी के दिन 3,000 से ज्यादा श्रद्धालु आते हैं। पापोराकिस अपने साथ राइफल और सैकड़ों गोलियां लेकर आया था, लेकिन राइफल जाम होने की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाया। इसके बाद उसे वहां से भागना पड़ा।



दोस्तों से भारतीयों को मार डालने की बातें करता था

घर लौटने के बाद पापोराकिस ने अपने एक दोस्त को मैसेज कर इसकी जानकारी दी। उसने हथियार की तस्वीरें और अपनी एक तस्वीर भी भेजी। आरोपी का मैसेज देखकर उसके दोस्त ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके घर में मिली एक जैकेट पर ऐसा निशान भी था, जो गोरी नस्ल को दूसरों से बेहतर मानने वाले चरमपंथियों से जुड़ा है। आरोपी अपने सहकर्मियों के सामने भारतीयों के खिलाफ नस्लभेदी बातें करता था। वह उन्हें मार डालने की भी बातें करता था। उसने दोस्तों से यह भी कहा था कि 11 अक्टूबर का दिन खास होने वाला है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युवक भारतीय मूल के लोगों से नफरत करता था। उसके घर से राइफल, कुई भरी हुई मैगजीन और 300 राउंड गोलियां मिली हैं।

इंटरनेट पर राइफल ठीक करने का तरीका खोजा

पुलिस के मुताबिक पापोराकिस ने इंटरनेट पर राइफल ठीक करने का तरीका भी खोजा। आरोपी पर आतंकवादी धमकी देने और गैरकानूनी तरीके से हथियार रखने के आरोप लगाए गए हैं। अदालत ने उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया है। उसकी अगली पेशी 30 अक्टूबर को होगी। मामले की जांच में एफबीआई भी पुलिस की मदद कर रही है। शिकागो में भारतीय कॉन्सुलेट ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अमेरिकी पुलिस की तारीफ की है। कॉन्सुलेट ने कहा कि वह हिंदू धार्मिक स्थल पर हमले की साजिश के मामले पर नजर रख रहा है।

भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करे अमेरिका : जायसवाल

घटना पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि साजिश में हिंदुओं और भारतीय मूल के लोगों को निशाना बनाने की बात बेहद चिंताजनक है। भारत ने अमेरिकी अधिकारियों से मामले की पूरी जांच करने और भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में नस्लीय नफरत और भारत विरोधी भावना से जुड़ी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की।



कांग्रेस का तंज- सरकार और संघ का इकोसिस्टम आपस में ही लड़ रहा

आरएसएस विजयादशमी समारोह में धनखड़ विशेष अतिथि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुसार, 20 अक्टूबर को नागपुर में होने वाले उसके विजयादशमी समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। यह खबर चौंकाने वाली प्रतीत हो रही है क्योंकि पिछले साल स्वास्थ्य कारणों से उप राष्ट्रपति पद से धनखड़ के इस्तीफे के बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उनके भाजपा से रिश्ते खराब हो चुके हैं, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने इस अहम वार्षिक कार्यक्रम में उन्हें ही अतिथि बनाकर ला रहा है। इसे लेकर भी चर्चा तेज है कि क्या भाजपा और संघ के बीच भी रिश्तों में कटुता आ चुकी है? बहरहाल, आरएसएस द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे। इसमें बताया गया कि दैनिक जागरण के प्रधान संपादक संजय गुप्ता समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।



इजरायली दूत भी होंगे अतिथि

आरएसएस ने कहा, 'इस वर्ष संघ के विजयादशमी उत्सव, जो इसके शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर आयोजित हो रहा है, के लिए आमंत्रित अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मध्य भारत क्षेत्र के लिए इजरायल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच होंगे।'

'व्यवस्था अंतर्विरोधों से जूझ रही' : कांग्रेस

इधर, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने धनखड़ को आरएसएस की ओर से निमंत्रण को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि 'व्यवस्था अंतर्विरोधों से जूझ रही है।' कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि आरएसएस ने धनखड़ को आमंत्रित किया है, लेकिन सरकार ने अभी तक उन्हें आवास आवंटित नहीं किया है जबकि वह पिछले साल जुलाई में अचानक इस्तीफा देने के बाद से इसके हकदार बने हुए हैं। दरअसल, कांग्रेस इस प्रसंग का उल्लेख कर यह संदेश देना चाह रही है कि संघ और भाजपा के बीच रिश्ते अब पहले की तरह सामान्य नहीं रहे, तभी तो भाजपा की अगुवाई वाली मोदी सरकार की आंखों की किरकिरी धनखड़ को संघ अपने सालाना जलसे में अतिथि बना रहा है।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹110044/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹134400/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹146710/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
*Conditions apply
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

दिखेगा कॉलर का असली नाम...

नई दिल्ली। देशभर में 1 नवंबर से मोबाइल कॉलिंग से जुड़ा एक बड़ा नियम लागू होने जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने रिलायंस जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और बीएसएनएल समेत सभी टेलीकॉम कंपनियों को कॉलर नेम प्रेजेंटेशन यानी सीएमनएपी सिस्टम लागू करने का आदेश दिया है। इस नए नियम के शुरू होने के बाद जब भी आपके फोन पर किसी अनजान नंबर से कॉल आएगी तो मोबाइल स्क्रीन पर नंबर के साथ-साथ कॉल करने वाले व्यक्ति का असली नाम भी अपने आप दिखाई देगा। अब तक लोगों को अनजान नंबर की पहचान करने के लिए ट्रू-कॉलर जैसे थर्ड पार्टी ऐप्स का सहारा लेना पड़ता था।

छग में बौनापन हुआ कम, लेकिन संतुलन अब भी गड़बड़, लंबाई बढ़ी तो वजन कम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ी ये अहम खबर है कि राज्य में पांच साल के कम आयु के बच्चों में बौनापन कम हुआ है, लेकिन इससे जुड़ा एक और तथ्य ये है कि बच्चों की लंबाई बढ़ने के साथ ही वजन में कमी आ गई। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के पांचवे और छठे दौर के आंकड़ों की तुलना से राज्य में बच्चों के पोषण की मिली-जुली यह तस्वीर सामने आई है। एनएफएचएस-6 की राष्ट्रीय और राज्यवार फैक्टशीट जारी होने के बाद शेष राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की जिला फैक्टशीट भी जारी हुईं। इन नए उपलब्ध आंकड़ों से ▶▶शेष पेज 7 पर

अलग खबर

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य के दो सर्वेक्षणों की तुलना से सामने आई तस्वीर

बौनापन 34.6 से घटकर 27.5 प्रतिशत

एनएफएचएस (2019-21) के अनुसार, छत्तीसगढ़ में पांच साल से कम उम्र के 34.6 प्रतिशत बच्चे बौनेपन से प्रभावित थे। एनएफएचएस -6 (2023-24) में यह अनुपात घटकर 27.5 प्रतिशत रह गया। यानी सात प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज हुई। यह बच्चों की लंबाई के अनुरूप विकास के लिहाज से सकारात्मक बदलाव है। हालांकि, कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत हो गया।



लंबाई बढ़ी लेकिन वजन हो गया कम

इसी तरह, लंबाई के अनुपात में कम वजन वाले बच्चों यानी वेस्टिंग का अनुपात 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 21.1 प्रतिशत दर्ज हुआ। दूसरी ओर, गंभीर वेस्टिंग में 7.5 प्रतिशत से घटकर 6.7 प्रतिशत तक कमी आई। ये आंकड़े बताते हैं कि पोषण की समस्या को केवल एक संकेतक के आधार पर नहीं समझा जा सकता। बौनापन लंबे समय तक पोषण की कमी और विकास में रुकावट का संकेत देता है, जबकि वेस्टिंग बच्चे की लंबाई के अनुपात में कम वजन को दर्शाता है। कम वजन का संकेतक इन दोनों स्थितियों से प्रभावित हो सकता है।

राष्ट्रीय औसत से तुलना भी जरूरी

राष्ट्रीय स्तर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों में बौनेपन का अनुपात एनएफएचएस -5 के 35.5 प्रतिशत से घटकर एनएफएचएस -6 में 29.3 प्रतिशत रह गया। छत्तीसगढ़ में भी इस संकेतक में कमी आई और राज्य का अनुपात राष्ट्रीय औसत से नीचे रहा, लेकिन कम वजन वाले बच्चों का अनुपात छत्तीसगढ़ में 34.7 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 31.8 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट होता है कि बौनेपन में सुधार के बावजूद राज्य में बच्चों के पोषण की चुनौती बनी हुई है। एक अन्य महत्वपूर्ण संकेतक 6 से 23 माह की उम्र के बच्चों को पर्याप्त आहार मिलने से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ में यह अनुपात 9.1 प्रतिशत से बढ़कर 12.4 प्रतिशत हुआ है। सुधार के बावजूद यह स्तर बताता है कि छोटे बच्चों को विविध आहार उपलब्ध कराने के लिए अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

नई उपार्जन नीति बनी, 31 जनवरी 2027 तक होगी खरीदी, 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का टार्गेट

खुशखबरी... 15 नवंबर से धान खरीदी, रोज 70 फीसदी छोटे किसानों के लॉट का कांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए खुशखबरी है। इस साल भी 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होगी जो 31 जनवरी तक चलेगी। राज्य सरकार की नई धान उपार्जन नीति में कई प्रावधान किए गए हैं। लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिदिन की कुल खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा इन किसानों से खरीदना तय हुआ है, बाकी 30 फीसदी बड़े किसानों का धान खरीदा जाएगा।

सरकार ने इस साल का टार्गेट भी फिक्स कर दिया है। इस साल सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का अनुमान है। खरीदी की अधिकतम सीमा लिंकिंग सहित 21 क्विंटल प्रति एकड़ तय की गई है। हालांकि, राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित प्रति एकड़ औसत उपज और 21 क्विंटल में से जो मात्रा कम होगी, उसी के आधार पर किसान से धान खरीदा जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की धान उपार्जन नीति के ▶▶शेष पेज 7 पर

खास खबर

सात दिन पहले करना होगा टोकन के लिए आवेदन

किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी किए जाएंगे। नीति के अनुसार, धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त करने हेतु कम से कम सात दिन पहले आवेदन करना होगा। लघु एवं सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और दीर्घ किसानों को अधिकतम तीन टोकन दिए जा सकेंगे।



धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य

धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। खरीदी ऋण पुस्तिका के आधार पर की जाएगी और खरीदी गई मात्रा का रिकॉर्ड उसमें दर्ज करना होगा। अधिया या रेगहा पर खेती करने वाले किसानों को भूमि की ऋण पुस्तिका के साथ अपना वचनपत्र और भूमि स्वामी का सहमति पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। ऐसे किसानों की खरीदी का रिकॉर्ड अलग से रखा जाएगा।

21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा

सरकार ने धान की री-साइकिलिंग रोकने के लिए प्रति एकड़ खरीदी की अधिकतम सीमा निर्धारित की है। किसानों से लिंकिंग सहित अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदा जाएगा। यदि राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित प्रति एकड़ औसत उपज इससे कम है, तो कम निर्धारित मात्रा के अनुसार ही खरीदी होगी।

ये कुछ और खास

- किसानों को धान की राशि सीधे उनके बैंक खातों में
- भुगतान के प्रमाण के रूप में खरीदी केंद्र पर कम्प्यूटर से तैयार भुगतान प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा
- किसी भी स्थिति में 17 प्रतिशत से अधिक नमी वाला धान नहीं खरीदा जाएगा

बीज उत्पादक किसानों से मार्च से होगी खरीदी

बीज उत्पादक किसानों से फेल धान बीज की खरीदी नियमित धान खरीदी अवधि से अलग होगी। नीति के अनुसार, बीज निगम के प्रमाणपत्र के आधार पर चिन्हांकित केंद्रों में 1 मार्च से 31 मई 2027 तक ऐसे धान का उपार्जन किया जाएगा। कृषि विभाग बीज उत्पादक किसानों का रकबा, बीज उत्पादन, स्वीकृत और अस्वीकृत मात्रा सहित आवश्यक आंकड़ों का डेटाबेस तैयार करेगा।

दुर्ग का मामला

गुंडे से भयभीत युवती फंदे पर झूली, दे रहा था धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग में एक 24 साल की युवती ने एक गुंडे की छेड़खानी और धमकी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के पास से छत्तीसगढ़ी में लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने एक युवक पर मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक संबंध बनाने और भाई समेत परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया है। मृतका ने सुसाइड नोट में युवक को सजा दिलाने और अपने लिए न्याय की मांग की है। पुलिस ने बताया कि युवती दुर्ग के एक प्राइवेट ▶▶शेष पेज 7 पर



सुसाइड नोट का करा रहे परीक्षण

मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का कथन लिया गया है। मृतका के पास सुसाइड नोट मिला है, इसका भी परीक्षण कराया जा रहा है।

मणिशंकर चंद्रा, एएसपी दुर्ग

परिजनों के संपर्क में भारतीय मिशन

जर्मनी में आग से तीन भारतीय छात्रों की मौत

एजेंसी ▶▶| लंदन

जर्मनी के नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य के बोखुम शहर में एक रिहायशी इमारत में आग लग गई। इस हादसे में तीन भारतीय छात्रों की मौत हो गई। मृतकों में 25 और 27 साल की दो युवतियां और 26 साल का एक युवक शामिल है। तीनों जर्मनी में पढ़ाई कर रहे थे। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास और फ्रैंकफर्ट स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास मारे गए तीन भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में हैं।

- हत्या के शक में रोमानियाई नागरिक गिरफ्तार

संदिग्ध गिरफ्तार

इस बीच, जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए के हवाले से जर्मन समाचार चैनल ने बताया कि इमारत में रहने वाले 41 वर्षीय रोमानियाई नागरिक को हत्या और आगजनी के संदेह में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक न्यायाधीश ने उस व्यक्ति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिसने आरोपों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था।

केरलम के तीनों मृतक

दुर्घटना में जान गंवाने वालों के भारत में मौजूद परिजनों ने उनकी पहचान केरलम के शिविन जॉनी, नोवा साबू और शीला जॉय के रूप में की है। उनके परिवार और दक्षिणी राज्य के जनप्रतिनिधियों ने तीनों के पार्थिव शरीर भारत लाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

दशरंगपुर में भीषण दुर्घटना से पसरा मातम

सैर पर निकले पूर्व मंत्री के भाई समेत तीन को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जरहागांव

दशरंगपुर में गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं।

- बरेला से गीधा तक सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

सुबह की सैर पर निकले तीन ग्रामीण तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले के भाई समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना थाना क्षेत्र से महज एक-दो किलोमीटर की दूरी पर हुई। मुख्य मार्ग पर हुए इस हादसे के बाद वाहन ▶▶शेष पेज 7 पर



परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़

सुबह की सैर पर निकले तीन ग्रामीणों की एक साथ मौत की खबर से दशरंगपुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। रोजमर्रा की दिनचर्या के बीच हुई इस अप्रत्याशित घटना ने तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतकों में अधीन मोहले का नाम सामने आने के बाद घटना को लेकर क्षेत्र में शोक और बढ़ गया। परिजनों के लिए यह क्षति अपूरणीय है।

पुलिस कर रही जांच

सीसीटीवी फुटेज में घटना के समय के अंतराल में एक टाटा मैजिक वाहन गुजरता हुआ दिखाई दिया है। उक्त वाहन के फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हुई है। इसके लिए पुलिस टीम सघन जांच कर रही है।

-दिव्यकांत पांडे, थाना प्रभारी, जरहागांव।



अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स
सदर बाजार, रायपुर | 8817710111
नेहरू नगर, भिलाई | 9009899111
ATUL

डॉ. रमन के जन्मदिन पर 40 हजार ने एक साथ पढ़ी हनुमान चालीसा, बना रिकॉर्ड, जुबिन ने बांधा समां





राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर राजनांदगांव में 40 हजार लोगों के एक साथ हनुमान चालीसा के पाठ का रिकॉर्ड बना है। डॉ. सिंह के जन्मदिन पर देश के मशहूर गायक जुबिन नौटियाल ने राजनांदगांव में प्रस्तुति दी। इसी कार्यक्रम में एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जो एक रिकॉर्ड बताया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित राज्य के कई मंत्रियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी भी मौजूद रहे। डॉ. सिंह के जन्मदिन का यह मौका जुबिन नौटियाल के कार्यक्रम के साथ यादगार बन गया। इतने बड़े जलसे का शहरवासियों ने जमकर लुत्फ उठाया और जुबिन नौटियाल के गानों पर थिरकते रहे।

चिंतन

धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट रेखा

धर्म बदलने का अधिकार हर किसी को है, मगर धर्म परिवर्तन के आधार पर आरक्षण की किसी दूसरी श्रेणी में स्वतः प्रवेश का दावा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी महत्वपूर्ण अंतर को रेखांकित करता है। तमिलनाडु सरकार को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। मामला इस्लाम अपनाने वाले लोगों को केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर पिछड़े मुस्लिम वर्ग के तहत आरक्षण देने की सरकारी व्यवस्था से जुड़ा था। अदालत के इस रुख ने आरक्षण की पात्रता, संवैधानिक मर्यादा और राजनीतिक नीतियों की सीमाओं पर एक बार फिर बहस तेज कर दी है। आरक्षण कोई ऐसा दरवाजा नहीं, जिसकी चाबी केवल धर्म परिवर्तन हो। इसकी व्यवस्था ऐतिहासिक भेदभाव, सामाजिक वंचना और अवसरों की असमानता को दूर करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य उन समुदायों को आगे लाना है, जो लंबे समय तक सामाजिक व्यवस्था में पीछे रहे। ऐसे में किसी व्यक्ति का एक धार्मिक पहचान से दूसरी पहचान में जाना अपने आप उसे नए समुदाय की आरक्षण श्रेणी का पात्र नहीं बना सकता। पात्रता के लिए संबंधित वर्ग के निर्धारित मानकों को पूरा करना आवश्यक है। तमिलनाडु सरकार ने मार्च 2024 में ऐसी व्यवस्था बनाई थी, जिसके तहत विभिन्न पिछड़े और अन्य अधिसूचित समुदायों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़े मुस्लिम वर्ग के अंतर्गत प्रमाणपत्र देकर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया। मद्रास हाईकोर्ट ने इस व्यवस्था को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। यह घटनाक्रम बताता है कि सामाजिक न्याय के नाम पर बनाई गई सरकारी नीति भी संवैधानिक प्रावधानों और पात्रता के निर्धारित नियमों से ऊपर नहीं हो सकती। इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आरक्षण की विभिन्न श्रेणियों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। अनुसूचित जाति का दर्जा संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत लागू प्रावधानों से नियंत्रित होता है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग की पहचान और पात्रता के अलग कानूनी आधार हैं। इसलिए यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि धर्म परिवर्तन करने वाला हर व्यक्ति हर प्रकार के आरक्षण से स्वतः बाहर हो जाता है। इस बहस का दूसरा पक्ष भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धर्म परिवर्तन करने से किसी व्यक्ति की आर्थिक कमजोरी, सामाजिक वंचना या भेदभाव की परिस्थितियां समाप्त नहीं हो जातीं। किसी समुदाय को लाभ देने की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं; यह भी देखना होगा कि उस घोषणा का कानूनी आधार क्या है और उससे आरक्षण की मूल भावना पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यदि पात्रता के नियम अस्पष्ट होंगे, तो विवाद बढ़ेंगे, मुकदमेबाजी होगी और वास्तविक जरूरतमंदों के हित प्रभावित होने का खतरा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला यही संदेश देता है कि धर्म की स्वतंत्रता और आरक्षण की पात्रता दो अलग प्रश्न हैं। सामाजिक न्याय न राजनीतिक कृपा है, न मनमानी से बांटा जाने वाला लाभ। इसकी विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है, जब नियम स्पष्ट हों, उनका पालन निष्पक्षता से हो और लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। यही आरक्षण व्यवस्था के प्रति समाज का भरोसा बनाए रखने की अनिवार्य शर्त भी।



25 वर्षों की सेवा

शिवप्रकाश

जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव का चिंतन

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था। 7 अक्टूबर को देश के हजारों स्थानों पर लाखों नागरिकों ने "वी विल डू इट" के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ – साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है। भारत में धर्म केवल पूजा-पाठ एवं कर्मकांड तक सीमित नहीं, समाज धारणा एवं कर्तव्य भाव भी सिखाता है। प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी ने सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों के माध्यम से आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। विपक्ष सांस्कृतिक उत्थान के होने वाले कार्यों को आलोचना की दृष्टि से देखता था। इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुए प्रयासों के कारण आर्थिक व्यवस्था में कितना परिवर्तन आया है, यह अध्ययन का विषय है। इसको कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। जब किसी धार्मिक स्थल का विकास होता है, तब केवल मंदिर परिसर ही नहीं, वहां का सम्पूर्ण चित्र बदलता है। सड़कें पर्यटकों के आवागमन के योग्य बनती हैं। रेलवे, एअरपोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, दुकानदार, स्थानीय आवागमन के साधनों का उपयोग, हस्तशिल्प , स्थानीय उत्पादों की बिक्री आदि के द्वारा संपूर्ण जन-जीवन में परिवर्तन आता है।

धार्मिक व्यवस्था से जुड़े गाइड, पुष्पमाला एवं प्रसाद बेचने वाले दुकानदार सभी के जीवन में खुशहाली आती है। भारत सरकार की प्रसाद योजना के द्वारा यह सब संभव हुआ है। प्रसाद योजना के अंतर्गत 54 प्रकल्पों पर 1726.74 करोड़ का बजट निर्धारित हुआ। एक अनुमान के अनुसार प्रसाद योजना के परिणाम स्वरूप 5000-8000 करोड़ की आर्थिक गतिविधि अब तक हुई है। भारत में लगभग 20 लाख सनातनी आस्था (मंदिर) के स्थान हैं। 60 % पर्यटन धार्मिक पर्यटन हैं। जीडीपी में 5.22 प्रतिशत एवं रोजगार में 13.34 % का योगदान हैं। लगभग 7.5 करोड़ रोजगार धार्मिक एवं उससे संबंधित गतिविधियों से मिलता है। गुजरात सरकार के बजट के आधार पर 2024-25 में सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए प्रतिदिन 25000 श्रद्धालु आते हैं। वर्ष भर में लगभग 97 लाख लोगो ने अपने आराध्य के दर्शन किए। 2013 में 70–75 लाख श्रद्धालुओ ने दर्शन लिए थे। लगभग 26% की वृद्धि हुई है। लगभग 1500- 1800 करोड़ की वार्षिक आर्थिक गतिविधि सोमनाथ तीर्थ दर्शन के कारण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है। 2014 के पूर्व एवं पश्चात के काशी में धरती आसमान का अंतर काशीवासी अनुभव करते हैं। मोदी जी का काशी से चुनाव लड़ना अपना सौभाग्य भी मानते हैं। 13 दिसंबर 2022 को काशी कोरिडोर के प्रथम चरण का उद्घाटन 339 करोड़ की लागत से संपन्न हुआ । काशी पुनर्निर्माण से पहले 70 - 80 लाख तीर्थयात्री प्रतिवर्ष आते थे। अब लगभग 2025



में 7 करोड़ श्रद्धालु काशी में दर्शन के लिए आए। 2021 से 2025 तक 25.28 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय के प्राध्यापक प्रो. राजनाथ के अनुसार प्रति व्यक्ति लगभग 5000 रुपये भी खर्च करता है, तब 1.25 लाख करोड़ का आर्थिक व्यापार होता है। जिसके कारण पर्यटन आय में 65 % की वृद्धि हुई है। काशी – तमिल संगम के माध्यम – दक्षिण की एकात्मता का माध्यम भी बनी है। लंबे संघर्ष के उपरांत निर्मित भव्य मंदिर के निर्माण के उपरांत अयोध्या की सम्पूर्ण आर्थिकी ही परिवर्तित हो गई। आईआईएम लखनऊ के एक अध्ययन के आधार पर वर्ष में पहले 1.7 लाख तीर्थयात्री आते थे। दुकानदारों की प्रतिदिन आय 400- 500 रुपये तक होती थी। 2025 में 29.95 करोड़ श्रद्धालुओ ने भगवान राम के दर्शन किए। अयोध्या का जीएसटी संग्रह का 400 करोड़ है । 2028 तक पर्यटन राजस्व संग्रह का अनुमान 18000 करोड़ है 1 जो वर्तमान में 10000 करोड़ प्रतिवर्ष है । व्यापारिक आय में 5 गुना वृद्धि हुई है । रेस्टोरेंट 200 से बढ़कर 2000 हुए एवं बैंक शाखाएं 15 से बढ़कर 60 हुई है । होटल एवं होम स्टे में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है । उत्तर प्रदेश को पर्यटन विभाग एवं अयोध्या के कारण 2025 में 20000 से 25000 करोड़ का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है । 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महाकाल लोक का उद्घाटन होने के बाद 2019 की तुलना में तीर्थयात्रियों में 50% की वृद्धि हुई है। पहले 20-25 हज़ार श्रद्धालु दर्शन करते थे, अब 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। अब इंदौर एवं उज्जैन आर्थिक विकास के कारण एक होने की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के कारण 89. 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिसमें महाकाल तीर्थयात्रियों का बड़ा योगदान है। 2013 की केदारनाथ में आई आपदा का निरीक्षण करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे, उसी समय केदारनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प भी उन्होंने लिया था। आल वेदर रोड, ऋषिकेश से कर्ण प्रयाग रेलवे लाइन, वायु सेवा आदि के द्वारा अब उत्तराखंड में आदि कैलाश साहित चारों धामों में पर्यटन में बहुगुणित वृद्धि हुई है। केवल केदारनाथ में 2025 में 1656539 तीर्थयात्री पहुंचे। 2025 के पहले डेढ़ मास में ही 300 करोड़ का रेवन्यू प्राप्त हुआ था। मोदी ध्यान गुफा की एक रात की बुकिंग 11000 रुपये है, जिससे 2025 में विश्राम गृहों सहित 3.8 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ ने तो विश्व रिकॉर्ड ही बनाया है। दुनिया के लिए महाकुंभ की व्यवस्था शोध का विषय है। महाकुम्भ सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जोड़ने का माध्यम भी बना है। आकड़ों के अनुसार 66 करोड़ से अधिक लोगो ने मां गंगा में डुबकी लगाई थी। उत्तर प्रदेश सरकार को कुंभ के द्वारा 500 करोड़ की अतिरिक्त जीएसटी के माध्यम से आय हुई। 1.5 लाख करोड़ पर्यटन के कारण राजस्व प्राप्त हुआ। सरकार ने महाकुम्भ क्षेत्र के विकास के लिए 6982 करोड़ खर्च कर 2-3 लाख करोड़ राजस्व आय प्राप्त की। लगभग 6 लाख से अधिक लोगो को रोजगार भी प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति को भी एक दिशा दी है।

वेड इन इण्डिया प्रयोग आत्मनिर्भर भारत तथा भारतीय स्थानों के सौंदर्य का बोध भी विश्व को कराता है। इसके कारण वैश्विक पर्यटन का विकास भी होता है। तीर्थाटन द्वारा आर्थिक प्रगति में हम तिरुपति, वैष्णो देवी सहित अनेक स्थानों का अध्ययन भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करने वाले उनके इस दिशा में किए प्रयत्नों का अध्ययन भी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चिंतन प्रतिपल 140 करोड़ नागरिकों के लिए है जो उनमें अन्तर्निहित जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव को प्रकट करता है ।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विचार

डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी



एक राष्ट्र, एक गरिमा

'समान नागरिक संहिता परस्पर विरोधी विचारधाराओं वाले कानूनों के प्रति अलग-अलग निष्ठाओं को समाप्त करके राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में सहायक होगी।'

- मुख्य न्यायाधीश वाई.वी. चंद्रचूड़, शाह बानो, 1985

उसका नाम मायने नहीं रखता, क्योंकि वह हर महिला है। वह सत्ताईस साल की थी जब उसके पति ने तीन शब्द कहे-एक बार, दो बार, तीन बार-और किसी सदस्यता रद्द करने की सहजता से उनके चौदह साल के विवाह से बाहर निकल गए। जुबेदा, जैसा हम उसे बुलाएँगे, अदालत नहीं गई। वह अपने माता-पिता के घर गई, क्योंकि कानून उसे बस इतना ही करने देता था। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 के तहत-एक औपनिवेशिक कानून जो भारतीय मुसलमानों को मुक्त करने के लिए नहीं बल्कि उन पर शासन करने के लिए बनाया गया था-उसे इद्दत की तीन महीने की अवधि से अधिक गुजारे का कोई लागू करने योग्य दावा नहीं था। जो वैवाहिक घर उसने टाँके-टाँके, साल-दर-साल बनाया था, उस पर भी उसका कोई हक नहीं था। व्यक्तिगत कानून के ठंडे अंकगणित में उसके पास कुछ नहीं था। लेकिन यह केवल जुबेदा की कहानी नहीं है। यह लीला की भी कहानी है-त्रावणकोर की एक सीरियाई ईसाई महिला-जिसने 1980 में देखा कि उसके भाई पिता की जमीन बाँट रहे हैं, जबकि उसे बेटे के हिस्से का एक-चौथाई-या पाँच हजार रुपए, जो भी कम हो-की पेशकश की गई। भारतीय संविधान से भी पुराने एक औपनिवेशिक चर्च कानून ने तय किया कि उसकी जिंदगी की क्या कीमत है। 1986 में मैरी रॉय बनाम केरल राज्य के फैसले के जरिए उसे वह मिला जो गणतंत्र को 1950 में ही देना था। लेकिन यह लड़ाई लड़ने की नौबत कभी आनी ही नहीं चाहिए थी।

यह सुनीता की भी कहानी है-एक हिंदू बेटी-जो 2005 तक देखती रही कि उसका भाई जन्म के आकस्मिक संयोग से परिवार के खेत का वारिस बन गया, जबकि वह-उतनी ही प्यारी, उतनी ही मेहनती बच्ची- सहदायिकता से बाहर कर दी गई। आधी सदी के संवैधानिक लोकतंत्र और विनीता शर्मा (2020) के सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने वह तय किया जो संविधान की स्याही सूखने के साथ ही तय हो जाना चाहिए था। व्यक्तिगत कानून के तहत पीड़ित हर महिला को उसके धर्म ने नहीं, बल्कि राज्य की उस वादे पर अमल करने की अनिच्छा ने धोखा दिया है जो उसने 1950 में किया था। वह वादा भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में काले-सफेद में लिखा है: 'राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा।' यह कोई फुटनोट नहीं है। यह कोई शर्त नहीं है। यह एक निर्देश है-जो संविधान निर्माताओं ने किसी और सदी की आकांक्षा के रूप में नहीं, बल्कि इस मान्यता के रूप में रखा था कि एक लोकतंत्र दो न्याय-मानकों पर नहीं चल सकता: एक राजनीतिक रूप से सुविधाजनक के लिए, दूसरा संरचनात्मक रूप से कमजोर के लिए।

वह चुप्पी जो जानें लेती है: हम समान नागरिक संहिता की बात ऐसे करते हैं जैसे यह कोई धार्मिक बहस हो, आस्था का सवाल हो, समुदायों के बीच चिंगारी हो। हम शायद ही कभी इसे वह बताते हैं जो यह वास्तव में है: भारतीय महिलाओं के लिए एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल। भारतीय मुस्लिम महिला आंदोलन ने 2015 में दस राज्यों में 4,710 विवाहित मुस्लिम महिलाओं का सर्वेक्षण किया। लगभग 92 प्रतिशत ने कहा कि एक पुरुष को पहली पत्नी के जीते जी दूसरी शादी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। 88 प्रतिशत से अधिक ने एकतरफ़ा तलाक की जगह सुलह-आधारित तलाक-ए-अहसन चाहा। ये आवाजें किसी बाहरी समुदाय की नहीं हैं जो सुधार थोपना चाहता हो। ये उसी समुदाय की आवाजें हैं-वे महिलाएँ जो दिन में पाँच बार नमाज पढ़ती हैं और यह भी जानती हैं कि गरिमा एक अपरिहार्य अधिकार है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (**NFHS**-5, 2019-21) ने चुपचाप एक और सुविधाजनक मिथक को ध्वस्त कर दिया: कि बहुविवाह 'मुस्लिम समस्या' है। आँकड़े बताते हैं कि बहुपत्नीत्व वास्तव में सबसे अधिक ईसाइयों में 2.1 प्रतिशत, फिर मुसलमानों में 1.9 प्रतिशत, फिर हिंदुओं में 1.3 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों में सर्वाधिक 2.4 प्रतिशत है। समस्या इस्लाम नहीं है। समस्या उस कानून का अभाव है जो कहे: कोई भी भारतीय नागरिक, चाहे किसी भी धर्म का हो, पहली पत्नी के जीते जी दूसरा जीवनसाथी नहीं कर सकता।

न ही वे जवाहरलाल नेहरू को उद्धृत करते हैं, जिन्होंने लिखा था: 'एक ऐसी नागरिक संहिता जो सभी पर लागू हो, आधुनिक जीवनशैली की एक परम आवश्यकता है।' नेहरू को उसी विरोध का सामना करना पड़ा था जो आज **UCC** समर्थकों को झेलना पड़ता है: धार्मिक भावना की भाषा को शक्तिशाली के विशेषाधिकारों की रक्षा के लिए कमजोर की कीमत पर हथियार बनाया जाता था। तब शक्तिशाली जनेऊ पहनते थे। आज शक्तिशाली अलग प्रतीक लेकर चलते हैं। जो महिलाएँ पीड़ित होती हैं वे कोई प्रतीक नहीं पहनतीं। समान नागरिक संहिता का विरोध हमेशा, अपने मूल में, महिलाओं की समानता का विरोध रहा है-धार्मिक रक्षा की भाषा में लिपटा हुआ।

पाँच सुप्रीम कोर्ट की पीठों ने-1985 के शाह बानो से लेकर मार्च 2026 में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ की टिप्पणियों तक-इस समझ को दोहराया है। न्यायालय संसद को मजबूर नहीं कर सकता; निदेशक सिद्धांत किसी अदालत द्वारा लागू करने योग्य नहीं हैं। लेकिन न्यायालय सुसंगत रहा है: अनुच्छेद 44 एक मृत पत्र नहीं है। यह एक नैतिक निर्देश है जिसे 1.4 अरब लोगों के राष्ट्र ने पचहत्तर वर्षों तक न मानने का विकल्प चुना है।उस विकल्प के परिणाम हैं। उन परिणामों के नाम हैं। वे हैं जुबेदा, और लीला, और सुनीता, और दस करोड़ महिलाएँ जिनसे हमने कभी गवाही नहीं माँगी।

योगः कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं। अक्सर लोगों के पास ये बहाना होता है, की हमारे पास वक्त नहीं।

अंतर्मन



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है। *- बलवीर सिंह, रायपुर*

ट्रेंड

नक्सल-मुक्त भारत



नक्सल-मुक्त भारत बनाने का मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया है। नक्सलवाद से देश को मिले घावों को अब भरना होगा, पीड़ितों के लिए सम्मानजनक जीवन जीने की व्यवस्था करनी होगी।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

नया भारत



यह नया भारत है, जो आतंकवाद के आगे झुकता नहीं, बल्कि उसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए निर्णायक प्रहार करता है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो कोई भी उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती देगा, उसे करारा जवाब मिलेगा।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

महिला सशक्तीकरण



दिल्ली के निर्माण में हमारी मेहनती बहनों की भूमिका अमूल्य है। उनका स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण हमेशा मेरी प्राथमिकता रहेगा। उनके अथक प्रयासों ने आज की दिल्ली को गढ़ा है, उनकी ताकत व आत्मनिर्भरता कल की दिल्ली को आकार देगी। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

सरकार की जवाबदेही



क्या सरकार ने जवाबदेही तय करने के अपने कर्तव्य को पूरी तरह से त्याग दिया है कि अब वह जवाबदेही मांगने वालों की आवाज दबाने के लिए उन्हें हिरासत में ले रही है? जंतर-मंतर पर, जो हाथों में तिरंगा थामे हुए थे, आज न्यायिक हिरासत में हैं।

- **शशि थरूर,** सांसद, कांग्रेस

करंट अफेयर

चीन-कोरिया को जोड़ने वाला नया पुल एक दशक बाद खुला



चीन और उत्तर कोरिया को जोड़ने वाला एक नया पुल एक दशक से अधिक की देरी के बाद बृहस्पतिवार को खुल गया। इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि 'न्यू यालू रिवर ब्रिज' का उद्घाटन किया गया। सरकारी मीडिया संस्थान चाइना न्यूज सर्विस के ऑनलाइन वीडियो में चीन और उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय ध्वजों से सजे ट्रक पुल पर खड़े दिखाई दिए। पुल को भी दोनों देशों के झंडों से सजाया गया था। बीजिंग को उम्मीद है कि तीन किलोमीटर लंबा और चार लेन वाला यह पुल आर्थिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क को भी बढ़ावा देगा। यह पुल चीन के पूर्वोत्तर शहर दानदोंग को उत्तर कोरिया के शहर सिनुइजू से जोड़ता है। इस पुल को मूल रूप से 2014 में यातायात के लिए खोलने की योजना थी। उस समय चीन ने अपनी ओर निर्माण कार्य पूरा कर लिया था। हालांकि, निर्धारित समय पर पुल नहीं खुला और उत्तर कोरिया ने अपनी ओर संबंधित निर्माण कार्य भी पूरा नहीं किया था। सिनुइजू में निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने से यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि प्योंगयांग चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता बढ़ने को लेकर सतर्क है।

ऑफ बीट

कुछ कपड़े धोने पर सिकुड़ जाते हैं ? कैसे रोका जाए



कपड़े आखिर क्यों सिकुड़ते हैं, यह जानने के लिए हमें पहले यह समझना होगा कि कपड़े बनते कैसे हैं। सूती और लिनन जैसे सामान्य रेशे पौधों से हासिल होते हैं। ये रेशे अपने प्राकृतिक स्वरूप में अनियमित आकार के और झुर्रीदार होते हैं। अगर आप इन रेशों के अंदर गहराई से देखेंगे, तो आपको लाखों छोटे, लंबी-शृंखला वाले सेल्यूलोज अणु नजर आएंगे, जो प्राकृतिक रूप से सर्पिल आकार में मौजूद होते हैं। कपड़ा बनाते समय इन रेशों को यांत्रिक रूप से खींचा और मोड़ा जाता है, ताकि ये सेल्यूलोज शृंखलाएं सीधी हो जाएं और कतार में आ जाएं। इस प्रक्रिया में चिकने, लंबे धागे बनते हैं। रासायनिक स्तर पर, ये शृंखलाएं 'हाइड्रोजन बॉन्ड' से जुड़ी होती हैं, जो रेशों और धागों को मजबूत एवं लचीला बनाते हैं। 'फाइबर मेमोरी' के कारण ही कुछ कपड़ों पर आसानी से सिलवटें पड़ जाती हैं, जबकि कुछ कपड़े धोने के बाद सिकुड़ भी जाते हैं। कपड़े धोने के दौरान, गर्म पानी रेशों के ऊर्जा स्तर को बढ़ाने में मदद करता है-यानी वे तेजी से हिलते हैं, जिससे उन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखने वाले 'हाइड्रोजन बॉन्ड' टूट जाते हैं। रेशों को जिस तरह से बुना या पिरोया जाता है, इसकी भी अहम भूमिका होती है। ढीले बुने हुए कपड़ों में धागों के बीच ज्यादा खुली जगह और लूप होते हैं, जो उन्हें न सिर्फ अधिक लचीला और सांस लेने योग्य बनाते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE STUNNING NEW
BALENO
DARE TO GO GLAM

FRONT VENTILATED SEATS

*ADAS LEVEL 2

6 AIRBAGS

TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT
TO A SHOWROOM NEAR YOU.

Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी

डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



इलाई इलोरा

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



इलाई इलोरा

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!



-खुशी, महेंदगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 32 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी

सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

' यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें!' *



इलाई इलोरा

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

डॉ. रमन के जन्मदिन में जुटा ऐतिहासिक जनसैलाब, जुबिन के सुरों में थिरके युवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम राग महोत्सव में संगीत और भक्ति की अनोखी त्रिवेणी देखने को मिली। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष संध्या में देश के जाने-माने पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल ने अपनी जादुई आवाज से उपस्थित जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टेडियम में लगभग 25 हजार से अधिक श्रोताओं की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस



गरिमामय संध्या में छत्तीसगढ़ शासन की शीर्ष हस्तियां साक्षी बनी। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका, उपमुख्यमंत्री समेत प्रदेश मंत्रिमंडल के लगभग सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक विधायक, हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी विशेष रूप से शरीक हुए। मंच पर सभी गणमान्य अतिथियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन की सराहना करते इसे जन-उत्सव का रूप बताया।

आयोजन रहा यादगार

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को एक अविस्मरणीय शाम का उपहार देना और क्षेत्र के वरिष्ठ नेता डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाना था। देर रात तक चले इस संगीत समारोह ने शहर के सांस्कृतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। शाम ढलते ही जैसे ही जुबिन नौटियाल मंच पर पहुंचे, पूरा स्टेडियम तालियों और नारों की गूंज से जीवंत हो उठा। जुबिन ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत अत्यंत श्रद्धा और ऊर्जा के साथ हनुमान चालीसा पाठ से की।

नाराज मजदूरों ने रची 3 पोकलेन मशीन जलाने की साजिश, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज⏭ कांकेर

जमीन पर माइंस का माल निकालने के लिए कच्ची सड़क बनाने पर विवाद की खुन्नस निकाली

माइंस प्रबंधन से मजदूरों की मांगों और जमीन विवाद को लेकर नाराजगी इस कदर बढ़ी कि कथित तौर पर तीन पोकलेन मशीनों को आग के हवाले करने की साजिश रच दी गई। चेमल स्थित पुष्प स्टील माइंस में हुई इस घटना को नक्सली वारदात का रूप देने के लिए आरोपियों ने घटनास्थल पर लाल रंग से लिखी पर्चियां भी छोड़ीं। मजदूर ट्रेड यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सहदेव तुलावी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मशीनों में आग लगाने की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में शामिल 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 326 के तहत कार्यवाही कि गई।



नक्सली घटना का रूप देने की थी कोशिश

वारदात के बाद घटना को नक्सली घटना का रूप देने के उद्देश्य से मशीनों के पास दो कोरे कागजों पर लाल रंग से लिखी पर्चियां पत्थरों से दबाकर छोड़े जाने की बात भी आरोपियों ने स्वीकार किया। इसके बाद सभी आरोपी वहां से भाग गए। 1पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा और एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर ठाकुर के मार्गदर्शन में दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी सुनील दुबे, एएसआई पवन मरकाम, राजेंद्र साहू, एएसआई भाकेश पटेल, आरक्षक प्रणय यादव एवं आरक्षक ऋषभ बाजपेयी सहित साइबर प्रभारी और पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहें।



तेंदुए के हमले से 3 घायल

नगरी। बोराई मार्ग खुर्सीघाट में बाई दोनों निवासी ग्राम कारीपानी के शाम को तेंदुआ विचरण करते रूप में हुई है। दिखाई दिया। रात में तेंदुआ ग्राम कारीपानी में घुस गया, जहां उसके हमले से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं शामिल हैं। गुरूवार को तेंदुए ने फिर 2 लोगों पर हमला किया है। तेंदुआ बैल का शिकार करने के लिए गांव में घुसा था। आवाज सुनकर एक महिला घर से बाहर निकलकर देखने पहुंची, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। महिला को बचाने के लिए पहुंचे दो अन्य लोग भी तेंदुए के हमले की चपेट में आ गए। इस घटना में तीनों घायल हो गए। घायलों की पहचान सुंदर लाल नेताम (60 वर्ष) पिता मंगलाराम नेताम निवासी ग्राम उजरावन, जो कारीपानी में मेहमान बनकर आए थे, उर्मिला बाई मरकाम (60 वर्ष) पति इतवारी मरकाम तथा मनाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

(शुद्धिपत्र)

पूर्व सूचना संख्याः **COM/ FRT/ G/R-SGBB-COAL/ E-auction/ 26/ 03** दिनांकः **16.09.2026** उपरोक्त के संदर्भ में, एसजीबीबी (SGBB) स्थान के लिए ई–नीलामी (e-auction) आमंत्रित की जाती है, जिसे रायपुर मंडल द्वारा निम्नानुसार आमंत्रित किया गया है: **Sr no.: 1: Assets description:** एसजीबीबी गुड्स शेड में उपलब्ध लगभग 484 टन कोयले, जो ओवरलोडेड वैगनों से भार समायोजन हेतु उतारा गया तथा दावा न किये गए अवशिस्ट एवं ऑफलोडेड माल के रूप में पड़ा है, की नीलामी **Auction date:** रेलवे प्रशासन के द्वारा पूर्व में तिथि 27.10.2026 को नीलामी होना निर्धारित किया गया था उसे 30.10.2026 माना जाए। **Auction Time:** 11:00 से 11:30 सभी ई–नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट **www.iresps.gov.in** पर अपलोड किया गया है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर
PR/R/Sr.DCM/D360/239

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

मरम्मत कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्याः **WRSR-09-26-27-OT-VTL,** दिनांकः **08.10.2026. कार्य का नामः** ओपन टेंडर के जरिए WRS/ Raipur में व्हील शॉप की नॉन–CNC VTL मशीन (7BT/4) की बाहरी एजेंसी से मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्यः** ₹ 8,97,390/- (₹ आठ लाख सत्तानवे हजार तीन सौ नब्बे मात्र) जीएसटी @18% सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधिः** संलग्न अनुलग्नक परिशिष्ट के अनुसार 03 (तीन) महीने की अवधि में। **बयाना राशिः** ₹ 18,000/-. (₹ अठारह हजार मात्र)। **निविदा समाप्ति तिथि और समयः 10.11.2026 को 15.00 बजे। बिड प्रारंभ की तारीखः 27.10.2026.**

पात्रता मापदंडः वेबसाइट पर देखा जा सकते है। इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/ वैरिशा/रायपुर
PR/R/WRS/PCN/233

South East Central Railway @secrail

छग में कैट की स्थायी बेंच नहीं, हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य शासन से जवाब मांगा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) की स्थायी बेंच नहीं होने पर छत्तीसगढ़ सीनियर लॉयर फोरम, बिलासपुर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य शासन से इस संबंध में आवश्यक निर्देश लेकर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। याचिकाकर्ता छत्तीसगढ़ सीनियर लॉयर फोरम की ओर से अधिवक्ता बीपी राव, विकास बाजपेयी, अरविंद सिन्हा और पूजा सिन्हा ने पक्ष रखा। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित कैट की प्रधान पीठ की सर्किट बेंच साल में पांच बार, प्रत्येक दो महीने में एक सप्ताह के लिए बिलासपुर में काम करती है। पक्षकारों को आवेदन जमा करने, त्रुटियां दूर कराने और अन्य प्रक्रियाओं के लिए जबलपुर जाना पड़ता है।

रायपुर के गांजा तस्कर को जबलपुर कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

रायपुर। एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में जबलपुर के विशेष न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह की अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में रायपुर निवासी ब्रजेश वर्मा को 10 वर्ष कैद और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले में जबलपुर निवासी अमित उर्फ चिंटू को दोषमुक्त कर दिया गया, जबकि ओडिशा निवासी बिज्जू देहूरी को फरार घोषित किया गया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पैरवी की। उनके अनुसार, 1 जून 2023 को आधारताल थाना क्षेत्र में ट्रक क्रमांक ओडी-15-वी-3310 सड़क किनारे खड़ा था। सूचना मिलने पर आधारताल पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक की तलाशी ली। इस दौरान ट्रक की ड्राइविंग सीट के पीछे रखी सफेद बोरी से 26 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजल शुक्ला पिता ओमप्रकाश शुक्ला निवासी अशोका रतन शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा मौजा टीला प.ह.नं. -00007, रा.नि.मं.-तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. -1052/1 रकबा 0.8500 हे. भूमि को विक्रेता संजय शर्मा पिता श्री रामाधार शर्मा निवासी ए.सी.सी. कॉलोनी जामुल जिला दुर्ग छ.ग. से क्रय कर लिया है और भू-खण्ड क्रय करने के पूर्व जो विधिक कार्यवाही की जानी थी उसे पूर्ण कर उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी,

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 15/10/26

भवदीय
नितिन यदु श्यामली छाया,
आकाश गैस गोडाउन के पास
श्रीनगर, गुढ़ियारी जिला रायपुर छ.ग.
मो. नं.-9302756557

मुहर

कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/1225/तक./न.पा.परि./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांकः 14/10/2026

//ई -निविदा निरस्तीकरण सूचना//

कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा पत्र क्रमांक / 948/ तक./ न.पा. परि. / 2026-27 दन्तेवाड़ा दिनांक 27.08.2026 के द्वारा सिस्टम टेण्डर नम्बर 198416, 198417 एवं 198430 विभिन्न वार्डों में **ओवर हैण्ड टैंक निर्माण** कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। उक्त ई-निविदा के समस्त कार्यों को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय तहसीलदार राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग)

// ईश्तहार //

क्रमांक / 1165/ वाचक/ तह./ 2026 राजिम, दिनांक 14/10/2026

रा.प्र.क्र.- 202609220600001/अ-19(3)

ग्राम कोमा वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम कोमा तहसील राजिम में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1 रकबा 17.190 हे. में से 0.600 हे. को खाद गोदाम निर्माण हेतु सहकारिता विभाग के नाम पर आबंटन चाहा गया है जो कलेक्टर महोदय गरियाबंद द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजिम के माध्यम से इस कार्यालय को राजस्व पुस्तक परिपत्र में निहित प्रावधानानुसार जांच कार्यवाही पूर्ण कर स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/सर्वसाधारण को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 30/10/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
राजिम

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

COM/R/Parcel Corres./26, Date: 14.10.2026

रायपुर डिवीजन में SLR को लीज पर देने के लिए निम्नलिखित जगहें उपलब्ध हैं।

क्र.	गाड़ी संख्या	से	तक	लीसिंग के लिए उपलब्ध एसएलआर/पार्सल वैन	ई-नीलामी दिनांक	ई-नीलामी समय
1	11701	रायपुर	जबलपुर	F-I	28.10.2026	13:00 से 15:00 तक
2	58527	रायपुर	विशाखापट्नम	F-II		
3	58202	रायपुर	बिलासपुर	F-II		
4	12853	दुर्ग	भोपाल	F-I		
5	18642	दुर्ग	हटिया	F-I		
6	18207	दुर्ग	अजमेर	F-I		
7	12549	दुर्ग	एम.सी.टी.एम.	F-I		
8	15160	दुर्ग	छपरा	F-I		
9	12772	रायपुर	सिकंदराबाद	पार्सल वैन		
10	12536	रायपुर	लखनऊ	पार्सल वैन		

सभी ई–नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है।

पीआर/आर/एसआर.डीसीएम/पीसीएन/243 सहायक वाणिज्य प्रबंधक (जी)/रायपुर

South East Central Railway @secrail

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-282/26-27/I/694412/2026 Raipur, Dtd 14 /10/2026

E-TENDER NOTICE NO. TN-282/2026-27

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Submission Date & time
1.	CP-350/26-27 8100054820 (With RLA)	Procurement of Grinding Rolls & Bull Ring Segments for BHEL XRP-803 Coal Mills of HTPS, KW & XRP-883 Coal Mills of DSPM TPS, KE.	11.11.2026 Upto 15:00 Hrs
2.	MP-351/26-27 8100054824 (With RLA)	Procurement of High Pressure Tube Bends for 2x500 MW ABVTPS, Marwa.	13.11.2026 Upto 15:00 Hrs
3.	DW-352/26-27 8100054694 (With RLA)	Round the year electrical maintenance of various sites i.e. (A) Residential quarters & utility buildings along with streetlights of complete Residential Colony including supply of street lighting materials (B) Lighting of various sites including street lighting of DSPM TPS Main plant area (C) Lighting of various sites including street lighting of KTPS, sites under jurisdiction of DSPM TPS, for period of contract two years at DSPM TPS Korba East.	09.11.2026 Upto 15:00 Hrs
4.	DW-353/26-27 8100054686 (With RLA)	RYM of Electrical Maintenance work of Main plant & BOP area (for general & round the clock shift duty) at DSPM TPS, CSPGCL, Korba East and Electrical Maintenance work of Switchgear & Motor Maintenance (for general & round the clock shift duty) at KTPS Korba East under jurisdiction of DSPM TPS Korba East.	09.11.2026 Upto 15:00 Hrs

For details please visit our website **https://cspc.co.in** or e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

Annexure-ii

// जोनल निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना क्र.-22 //

क्रमांक / 856 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.सेवा / 2026-27, सुकमा दिनांक- 13/10/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत सिविल एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य कराये जाने हेतु जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)
1	2
(1) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, जोन क्र.-01 एवं जोन क्र.- 04 अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रू.30.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन / मंच / पुलिया / बाउंड्रीवाल / नाली / सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य हेतु	प्रत्येक जोन हेतु 40.00 लाख

निविदा डाऊनलोड एवं डी.डी.बनाने की अंतिम तिथि :- 23.10.2026

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। **कार्यपालन अभियन्ता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला - सुकमा (छ.ग.)

G-262703997/1

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क.909610110300026
अ/74 वर्ष 2026-27
ग्राम कोहका, प.ह.नं. 18 रा.नि.मं.- तिल्दा

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, कुलसचिव डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, पता- करगी रोड कोटा बिलासपुर द्वारा ग्राम कोहका, प.ह. नं. 18, रा.नि.मं.- तिल्दा, तहसील-तिल्दा नेवरा, जिला- रायपुर (छ.ग) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 197/4 शा.नं. 197/5, 197/7, 197/9, 197/10, 197/11, 197/12, 197/13, 197/14, 197/21 रकबा 69.416 हे. में से रकबा 1.413 हे. को शिक्षा, कौशल एवं ज्ञान केंद्र स्वरूप ऑफ-कैम्पस परिसर की स्थापना हेतु आबंटित किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 12.11.2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। गया । आज दिनांक 12.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया

तहसीलदार,
तिल्दा-नेवरा.

न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.)

-:: राजस्व मामले में सूचना ::-

क्रमांक/297/ प्र-1/ तह./2026 रा.प्र.क्र. 20अ-5 17-18 अर्जुन्दा, दिनांक 08/10/2026

सुखनंदन यादव व अन्य 01 ....आवेदकगण
// विरूद्ध //
तामस्कर ....अनावेदक

प्रति,

तामस्कर आ. बोधीराम, जाति सतनामी, निवासी ग्राम अर्जुन्दा, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद, (छ.ग.)

उपरोक्त अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुखनन्दन यादव आ. दौवाराम एवं विष्णु प्रसाद आ. दौवाराम, साकिन अर्जुन्दा, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 89 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के तहत आवेदकगण अपने नाम पर स्थित संयुक्त खाते की ग्राम अर्जुन्दा, प.ह.न. 18 स्थित भूमि पुराना ख.नं. 378/2, रकबा 1.85 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेख में वर्ष 1977-78 से 1991-82 में दर्ज रहा है। जो बंदोबस्त के बाद नया ख.नं. 790, रकबा 1.25 एकड़ कर दिये जाने से रकबा में 0.60 डिसमिल की कमी हो जाने के कारण वर्तमान एवं बंदोबस्त पूर्व तथा रीनंबरींग सूची की छायाप्रति तथा आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 29.10.2026 को न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा में समय 11:00 बजे होगी। अतः जरिया इस नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में पेशी दिनांक 29/10/2026 को स्वतः/ मुख्तियार/ विधि मान्य अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। सुनवाई दिनांक में अनुपस्थित रहने पर आपका पक्ष समाप्त किया जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

यह राजस्व मामले में नोटिस आज 08/10/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
अर्जुन्दा, जिला-बालोद

मुहर

न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202609220600002 / अ- 19 (3) / 2025-26

ग्राम - गरियाबंद प.ह.न. - 10

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, गरियाबंद जिला विपणन अधिकारी गरियाबंद द्वारा ग्राम / नगर गरियाबंद, प.ह.नं. 10 तहसील व जिला - गरियाबंद (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 53/2 रकबा 4.047 हेक्टेयर में से 0.08 हेक्टेयर को खाद गोदाम निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग के नाम पर आबंटन चाहा गया है।

उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था / शासकीय / अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28.10.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं कि जावेगी।

आज दिनांक 06.10. 2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गरियाबंद

जनसंपर्क संचालनालय

इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर (छ. ग.)
फोन नं. 0771-2511422

क्रमांक- 5682 / जसंसं/ सत्कार / 2026 नवा रायपुर, दिनाक : 15/10/2026

जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय मीडिया, अन्य राज्यों से आने वाले पत्रकारों / मीडिया प्रतिनिधियों, विशिष्ट अतिथियों एवं शासकीय कार्यक्रमों में आमंत्रित अतिथियों के आवागमन एवं अन्य ट्रैवल संबंधी आवश्यकताओं के लिए दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु आमंत्रण सूचना

जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राष्ट्रीय मीडिया, अन्य राज्यों से आने वाले पत्रकारों / मीडिया प्रतिनिधियों, विशिष्ट अतिथियों एवं शासकीय कार्यक्रमों में आमंत्रित अतिथियों के आवागमन एवं अन्य ट्रैवल संबंधी आवश्यकताओं के लिए निविदा दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम - शर्तें छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट https://samvad.cg.inc.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र का शुल्क	रूपये 2000 / - (वापसी योग्य नहीं)
अमानत राशि	रूपये 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य)
प्री-बिड तिथि	दिनांक 22/10/2026 समय दोपहर 3:00 बजे
ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 06/11 / 2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक
ऑनलाइन निविदा खोलने की अंतिम तिथि	दिनांक 06/11/2026 समय सायं 4:00 बजे

उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3 बजे तक मात्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्ताव जमा किया जा सकता है। अपरान्ह 3 बजे के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। मात्र उक्त वेबसाइट https://samvad.cg.inc.in/ में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

आयुक्त
जनसंपर्क संचालनालय
अटल नगर, नवा रायपुर

G-262704014/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बलौदाबाजार

(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)

क्रमांक/का.अ./ब.बा./सामा./2594 बलौदाबाजार, दिनांक 15/10/2026

बिजली बंद की सूचना दीपावली पूर्व रखरखाव

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार सुबह 9:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

क्र.	दिनांक	33 एवं 11 केवी फीडर का नाम	उपकेंद्र का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	16.10.2026	11 केवी संडी ग्रामीण फीडर	33/11 केवी उपकेंद्र संडी	11 केवी संडी ग्रामीण फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता
2	24.10.2026	11 केवी देवसुंदरा फीडर	33/11 केवी उपकेंद्र गाड़ाभाटा	11 केवी देवसुंदरा फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता
		11 केवी रोहांसी फीडर	33/11 केवी उपकेंद्र कनाकोट	33/11 केवी रोहांसी फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता
3	26.10.2026	11 केवी टीला फीडर	33/11 केवी उपकेंद्र गाड़ाभाटा	11 केवी टीला फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता
4	27.10.2026	11 केवी मोहगांव फीडर	33/11 केवी उपकेंद्र गिधपुरी	11 केवी मोहगांव फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता
5	29.10.2026	11 केवी अमेठी फीडर	33/11 केवी उपकेंद्र रोहांसी	11 केवी अमेठी फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता

टिप्पणी:- (1) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। (2) स्वहित एवं राष्ट्रहित में बिजली की बचत करें। (3) विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें।

(ए.के. ठाकुर)
कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टेट. पॉ.डि.कं.लि. बलौदा बाजार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)

(CIN: U40108CT2003SGC015822)

क्र/ 45-54/ राजस्व/ 2026/ **नारायणपुर, दिनांक 15.10.2026**

-::: सूचना पत्र :::-

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.) संभाग, छ.ग.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., नारायणपुर के अंतर्गत समस्त सम्मानीय उपभोक्तागण को सूचित किया जाता है कि राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट मीटर की स्थापना के कार्य प्रगति पर है जिसमें यह अनिवार्य किया गया है कि सभी उपभोक्ताओं /सभी श्रेणियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित जीनस (Genus) कंपनी के द्वारा समय-सीमा के भीतर संबंधित भारतीय मानकों IS के अनुरूप स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है, जो मूलतः एक कार्यात्मक विन्यास (Functional Configuration) है। स्मार्ट मीटर की स्थापना से उपभोक्ताओं का पारदर्शी एवं सटीक बिलिंग के साथ-साथ खपत की निगरानी सुविधा प्राप्त होती है।

(**नोटः-** शहर/ गांव में पुराने मीटर के स्थान पर स्मार्ट मीटर ही लगेंगे, ऐच्छिक का विकल्प नहीं है, एवं किसी भी तरह के अफवाहों में ध्यान न दें, स्मार्ट मीटर की बिलिंग संबंधित पूर्णतः एवं सत्य जानकारी हेतु नजदीकी कार्यालय से संपर्क करें।)

कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., नारायणपुर

जियो शुल्क बढ़ाने के बजाय अतिरिक्त सेवाओं से बढ़ाएगी आय: आकाश अंबानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कंपनी के ग्राहकों की औसत मासिक डेटा खपत 43.7 जीबी है

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल एवं दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपना प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़ाने के लिए कंपनी शुल्क बढ़ाने के बजाय अतिरिक्त सेवाओं की पेशकश पर अधिक ध्यान देगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर दरें बढ़ाने का विकल्प भी है। जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित 30,213 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अंबानी ने कहा कि कंपनी प्रति गीगाबाइट डेटा की कीमत बढ़ाने के बजाय ग्राहकों को अतिरिक्त सेवाएं देकर उनसे अधिक राजस्व अर्जित करना चाहती है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास शुल्क बढ़ाने की क्षमता हमेशा रहती है।''

दूरसंचार उद्योग का औसत लगभग 7.5 रुपए है

शुल्क बढ़ाने की कोई समयसीमा नहीं बताई

हालांकि, उन्होंने शुल्क बढ़ोतरी की कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि 2016 में जियो के दूरसंचार बाजार में कदम रखने के बाद से भारत की प्रति व्यक्ति आय में दूरसंचार पर प्रति उपयोगकर्ता खर्च की हिस्सेदारी घटकर करीब एक प्रतिशत रह गई है, जो पहले की तुलना में लगभग आधी है।



2030 तक 6जी सेवाएं शुरू करने की स्थिति में

आकाश अंबानी ने कहा कि कंपनी 6जी प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है और 2030 के दशक की शुरुआत में इसे वाणिज्यिक रूप से शुरू करने की स्थिति में होगी। जियो 6जी नेटवर्क शुरू करने के लिए नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के बजाय सॉफ्टवेयर अपडेट आधारित व्यवस्था पर विचार कर रही है।

जियो सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना चाहता है

आकाश अंबानी ने कहा कि जियो प्रति गीगाबाइट डेटा के लिए करीब 4.9 रुपये लेती है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 7.5 रुपये है। कंपनी के ग्राहकों की औसत मासिक डेटा खपत 43.7 जीबी है। उन्होंने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2030-31 तक 1,400 अरब डॉलर का होने का अनुमान जताते हुए कहा कि जियो इसमें बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है।

शेयर का मूल्य दायरा 1,065 से 1,119 रुपए

अंबानी ने कहा कि विदेशी कारोबार से होने वाली आय की हिस्सेदारी कंपनी के शुरुआती अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के जुड़ने के बाद स्पष्ट होगी। कंपनी विवरण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में उसके कुल राजस्व में भारत की हिस्सेदारी 96.62 प्रतिशत थी। जियो प्लेटफॉर्म्स ने आईपीओ के लिए प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। निर्गम में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अधिकतम 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे।

74 साल का विश्वास, एमए टू महावीर अशोक ज्वेलर्स का फेस्टिव ऑफर

गोल्ड ज्वेलरी पर मात्र 1.9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज





रायपुर। छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड एमए टू महावीर अशोक ज्वेलर्स बाय कमलेश बुराड, सदरबाजार अपने 74 वर्षों के गौरवशाली सफर और ग्राहकों के अटूट विश्वास के साथ फेस्टिव सीजन को खास बनाने की पेशकश लेकर आया है। ब्रांड की थीम 'इस फेस्टिवल सीजन को बनाओ अपना गोल्डन सीजन' के तहत ग्राहकों को गोल्ड ज्वेलरी पर मात्र 1.9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज का विशेष ऑफर दिया जा रहा है। प्रतिष्ठान के अनुसार, यह छत्तीसगढ़ में गोल्ड ज्वेलरी पर उपलब्ध सबसे कम मेकिंग चार्ज है।

कस्टमाइजेशन और एक्सचेंज की सुविधा

ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महावीर अशोक ज्वेलर्स में कस्टमाइजेशन की सुविधा भी दी जाती है, जिससे ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार आभूषण तैयार करवा सकते हैं। इसके अलावा एक्सचेंज की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रतिष्ठान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, एक्सचेंज पर 100 प्रतिशत बायबैक की सुविधा भी शामिल है।

74 साल की विरासत, पीढ़ी दर पीढ़ी कायम विश्वास

महावीर अशोक ज्वेलर्स की पहचान केवल आभूषणों की विस्तृत रेंज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वर्षों से ग्राहकों के साथ बने भरोसेमंद रिश्तों की कहानी भी है। सात दशक से अधिक की इस यात्रा में कई परिवारों की पसंद और परंपराओं का हिस्सा बना है। यहां ऐसे अनेक परिवार हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आभूषणों की खरीदारी के लिए आते रहे हैं। 'पीढ़ी दर पीढ़ी विश्वास की गौरवशाली परंपरा' के संदेश के साथ ब्रांड अपनी इसी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। त्योहारों, शादी-विवाह और पारिवारिक समारोहों के लिए आभूषण खरीदने वाले ग्राहकों के लिए यहां परंपरा और आधुनिक डिजाइन का आकर्षक मेल देखने को मिलता है।

हर पसंद और अवसर के लिए ज्वेलरी की विशाल रेंज

फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान में लाइटवेट से लेकर हैवी ज्वेलरी तक की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। इसमें डेली वियर और ऑफिस वियर ज्वेलरी के साथ डिजाइनर, फाइन और ब्राइडल ज्वेलरी के आकर्षक विकल्प शामिल हैं। पारंपरिक आभूषणों के शौकीनों के लिए हेरिटेज ज्वेलरी, पोल्की ज्वेलरी, रानी हार और एंटीक डिजाइन के आभूषणों की खास वैरायटी उपलब्ध है। वहीं, आधुनिक पसंद रखने वाले ग्राहकों के लिए डायमंड ज्वेलरी, डायमंड नेकलेस और नए डिजाइन के आभूषणों की रेंज भी आकर्षण का केंद्र है।

एरीज एग्रो लिमिटेड का 'शी लीड्स द फील्ड' अभियान



रायपुर। भारतीय कृषि में महिलाओं के योगदान को पहचान देने, उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों का ज्ञान उपलब्ध कराने और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एरीज एग्रो लिमिटेड ने 'शी लीड्स द फील्ड' अभियान शुरू किया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2026 को 'अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' घोषित किए जाने के क्रम में कंपनी की यह पहल देशभर की महिला किसानों को ज्ञान, प्रशिक्षण और पहचान के माध्यम से सशक्त बनाने पर केंद्रित है। अभियान के तहत वर्ष 2026 में देश के 26 राज्यों से 6 हजार महिला किसानों, महिला डीलरों और महिला रिटेलरों की भागीदारी दर्ज की गई है।

उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण पर जोर : एरीज एग्रो लिमिटेड कृषि क्षेत्र में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और उर्वरकों के निर्माण के लिए जानी जाती है। कंपनी ने इस अभियान के माध्यम से कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। अभियान के अंतर्गत महिला किसानों को सालभर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। एरीज ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राहुल मिरचंदानी के नेतृत्व में कंपनी किसानों के बीच जागरूकता, शिक्षा और ज्ञान आधारित सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। वाइस प्रेसिडेंट डीके तिवारी, रवि मिश्रा, तेजस शहा एवं रजिता सेठी भी इस अभियान से जुड़े हैं।

महिला किसानों की कहानियों को मिलेगी पहचान

'शी लीड्स द फील्ड' के तहत चयनित प्रतिभागियों के अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर सामने लाने की योजना है। इसके लिए तीन प्रमुख पहल की गई हैं। पहली पहल के अंतर्गत महिला किसानों की वास्तविक जीवन यात्रा, चुनौतियों और सफलता की कहानियों पर डॉक्यूमेंट्री फिल्में तैयार की जाएंगी। दूसरी पहल में एक विशेष कॉफी टेबल बुक के माध्यम से कृषि और ग्रामीण विकास में महिलाओं के योगदान को संकलित किया जाएगा। तीसरी पहल के तहत प्रतिभागी महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रशस्ति प्रमाणपत्र और उपहार दिए जा रहे हैं। इस अभियान में छत्तीसगढ़ की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। राज्य के 310 गांवों से कुल 568 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

बीएसएनएल लाया कॉलिंग, डेटा और फ्री इंश्योरेंस वाला प्लान

नई दिल्ली। बीएसएनएल ने 202 रुपए वाला नया प्लान पेश किया है। खास बात है कि इस कीमत में बीएसएनएल कॉलिंग के साथ डेटा का फायदा भी दे रहा है। यह प्लान उन लोगों को ध्यान में रखकर लाया गया है, जो कम खर्च में महीने भर की वैलेडिटी चाहते हैं। इस प्लान में 32 दिनों की वैलेडिटी मिल जाती है। यह प्लान देश के सभी टेलीकॉम सर्किलों में उपलब्ध है। इस प्लान के साथ यूजर्स को 1 लाख रुपए का एक्सीडेंटल बीमा और 10,000 रुपए का साइबर फ्रॉड इंश्योरेंस भी मुफ्त मिलेगा। बीएसएनएल ने 202 रुपए वाले प्लान को एक वॉयस वाउचर के रूप में पेश किया है। इसमें यूजर को 32 दिनों की वैलेडिटी मिल जाती है। इस प्लान में यूजर को 300 मिनट की लोकल और एसटीडी वॉयस कॉलिंग भी मिलेगी।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 251 दिनांक 27.08.2026 एवं 306 दिनांक 18.09.2026 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

पूर्व जी.न. 262703018 एवं 262703386

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-262704010/5

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)

आठवां दौर निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-24/2026-27

क्रमांक/1036/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2026-27, नारायणपुर दिनांक 14/10/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 21.10.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख मे)
1	2	3
1	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुतुल भवन निर्माण कार्य विकास खण्ड ओरछा	42.16 लाख

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://rec.cg.gov.in मे दिनांक 15.10.2026 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)

G-262703994/1

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जामताड़ा

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना सं0-06/2026-27
ई-निविदा प्रसंग-RCD/JAMTARA/844/2026-27

1	कार्य का नाम	Construction of HL Bridge over Local River at Ch. 5+000 Km of Jamtara-Karmatand via Combined Building Road under Road Division, Jamtara for the Year 2026-27
2	प्राक्कलित राशि	रू0 790.19075 लाख (सात करोड़ नब्बे लाख उन्नीस हजार पचहत्तर रूपये) मात्र
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	30 (तीस) महीना
4.	ई-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एंव समय	12.11.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक
5	ई-निविदा का वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एंव समय	22.10.2026 के अपराहन 4:30 बजे से
6.	ई-निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एंव पता	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, जामताड़ा।
7.	ई-प्रोक्यूरमेंट अधिकारी का संपर्क नं0/मोबाईल नं0	9279626462
8.	ई-प्रोक्यूरमेंट सेल का संपर्क सहायता नम्बर	0651-2401010

नोटः- प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती हैं। निविदा संबंधी अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ह0/-

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जामताड़ा

PR 391894 (Road)26-27*D

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

e-mail- eewrknk@cgwrd.in

-:: निविदा निरस्तीकरण सूचना ::-

क्रमांक/ 3114/ व. ले.लि. / 2026-27 कांकेर, दिनांक 13.10.2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा **सिस्टम क्र. 190407, सूचना क्र. 03 / व.ले.लि. / 2026-27 दिनांक 08.05.2026 कार्य का नाम कांकेर जिले के विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत बागोड़ एनीकट का पुनः निर्माण सह उद्वहन सिंचाई योजना का निर्माण कार्य (राशि रूपये 2177.50 लाख) कार्य** हेतु **प्रथम आमंत्रण**, छ.ग. शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर-अटल नगर, के पत्र क्र.-PROJ/5030/2026-WRD/F-1 / नवा रायपुर, दिनांक 09/10/2026 एवं मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर के पत्र क्रमांक / सामान्य / 2026 / 3289 जगदलपुर, दिनांक 13.10.2026 के निर्देशानुसार शासनहित में निर्णय लेते हुए पुनः निविदा आमंत्रित प्रस्तावित की गई है। जिसके परिपालन में **प्रथम निविदा निरस्त** किया जाता है।

जिसका प्रकाशन जी.नं. 262702248 दिनांक 23.07.2026 है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

G-262703976/4

कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

// विज्ञापन //
दस्तावेजों के सत्यापन बाबत सूचना

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता (सिविल) के रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन क्रमांक जी-242505394 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम मेरिट सूची के आधार पर निम्न अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 29.10.2026 को समय प्रातः 10:30 बजे से स्थान हॉल क्रमांक- 01, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (दूरभाष :- 0771-2221656) में किया जाना है। जो निम्नानुसार है :-

उप अभियंता (सिविल) अनारक्षित (मुक्त) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13061151, 13061238 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के रिक्त पद 05 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25041244, 16051392, 16081103, 13021298 16081355, 13061079, 11011011, 16091012, 16051015, 25121340 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13091209, 25021056 अनुसूचित जाति (मुक्त) के रिक्त पद 03 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13041040, 13111271, 13111168, 16061059, 16081128, 17011350 अनुसूचित जाति (महिला) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13021293, 16071070 अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के रिक्त पद 05 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25111057, 16061207, 13111243, 25091434, 16031113, 11031240, 25021208, 16041071, 16061191, 25031354

टीपः- (1.) कांउसिलिंग की निर्धारित तिथि को निर्धारित समय 10:30 तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कांउसिलिंग में अनुपस्थित रहने पर दोबारा मौका नहीं दिया जावेगा। उक्त संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा ।

(2.) दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति की जावेगी । नियुक्ति मेरिट के आधार पर संवर्गवार रिक्त पदों की उपलब्धता अनुसार नियमानुसार की जावेगी । उक्त संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

(3) अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की अंकसूची, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, इंजीनियरिंग डिप्लोमा / डिग्री की अंकसूची, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्रों के मूल दस्तावेज एवं एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित लाना अनिवार्य है । वांछित प्रमाण पत्रों के अभाव में कांउसिलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा ।

(4.) कांउसिलिंग हेतु व्यापम से प्राप्त मेरिट के अनुसार उम्मीद्वारों को पृथक से पत्र उनके निवास के पते पर प्रेषित किये गये है ।

(5.) कांउसिलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता देय नही होगा ।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर

G- 262704003/3

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 15000 से 25000 2. मार्केटिंग ऑफिसर 4,वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय:प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल:- 8720005500. (आरे-815)

असिस्टेंट/फील्ड कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस असिटेंट के साथ फील्ड में भी कार्य कर सके (ऑलराउंडर) ऐसे व्यक्ति की जरूरत है कार चलाने वाले को प्राथमिकता। खबर वर्ल्ड मिडिया ग्रुप तेलीबांधा रायपुर मो 9329228972. (आरे-230)

ऑपरेटर/रिसेप्शनिस्ट

आवश्यकता है- महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है। स्थान- जीनियस कम्प्यूटर्स, अवन्ति विहार कॉलोनी, रायपुर। सम्पर्क करें- 8878688881, 9039672888. (आरे-2784)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

कुक/हेल्पर

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35-60 वर्ष। स्थान: गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्क: 9826708233. (आरे-SPD/0086)

आवश्यकता है- नॉन वेज बनाने के लिए कुक, हेल्पर एवं वेटर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें :- johnnys cafe , Geekay milestone shop no A7 new rajendra nagar raipur 9993631248. (आरे-971)

मैनेजर/मार्केटिंग

Wanted- A leading Pesticide manufacturing company required Territory Manager – 06, Marketing Executive -20 (prefer agriculture graduate), Chemist 02, Supervisor 02, Computer operator cum store keeper 02, interest candidate are send biodata on zenithagrizone2006@gmail.com, or Contact 8770536676, 8718807000. (आरे-349)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

दुकान कार्य

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है । पेमेंट 10000 से 20000 तक, माल बेचना सिखा दिया जाएगा, मार्केट में परिचय वाले को प्राथमिकता । संपर्क करें सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक । 9893994319. (आरे-7359)

आवश्यकता है- गोल बाजार में थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के की अनुभवी / गैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार , लड़किया अनुभवी बायोडाटा सहित मिले हैं। महेश क्लॉथ अलका रेस्टोरेंट के सामने दुकान नं 8 जैन ज्योति कॉम्प्लेक्स चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर छत्तीसगढ़ मो -9752022866. 7415842111. (आरे-352)

ऑपरेटर/इंचार्ज

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर,सेल्स बॉयज, गर्ल्स, ड्राइवर पैकिंग कार्य, गोदाम इंचार्ज की आवश्यकता है गोकुल सुपर बाजार पंडरी। 9827944117. (आरे-2785)

सेल्समैन

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में लड़के/लड़कियों की सेल्समैन कार्य हेतु समय 11 से 9 बजे रात्रि तक संपर्क करें:- नगीना जेन्स सदर बाजार रायपुर 9425206595. (आरे-7360)

हरिभूमि क्लासीफाईड

घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरे-115)

डिलीवरी बॉयज

आवश्यकता है- टैली शॉपिंग कंपनी में डिलीवरी कार्य हेतु 5 डिलीवरी बॉयज चाहिए। वेतन -13000/-, पेट्रोल व मोबाइल खर्च। स्वयं का वाहन अनिवार्य- आदर्श चौक,राजा तालाब, रायपुर मोबाइल: 8889870000. (आरे-16584)

Property प्रापर्टी

मकान/प्लाट

मकान प्लाट बेचना है- रायपुरा गोकुलधाम सोसायटी के सामने भाटागांव रोड़ 800 वर्गफीट पर भूतल पर निर्मित डायवर्सन मकान सर्व सुविधायुक्त मेंन रोड से लगभग 100 फीट अंदर एवं नया राजधानी से लगा जामगांव अभनपुर में 1000 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट भाटागांव भर्री खार 600 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें। संपर्क मों. नंबर:- P. L. यदु महामाई परा रायपुर. 8827380696, 9754685471, 7389048751, 8435931717. (आरे-226)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

बेचना है - रिसाली धनोरा मात्र छाया फेश-2 में 30 x 50= 1500 फिट आवासिय प्लॉट एवंम मैत्री कुंज पानी टंकी वाले मार्केट में कमर्शियल प्लॉट 25 x60=1500 फिट उपलब्ध है। बेचना है मो.- 91319-80919.(आरे-343)

फर्नीचर

बेचना है - 120 स्टूडेंट की क्षमता वाली रीडिंग लाइब्रेरी का फर्नीचर एवं कुर्सी ब्रांड न्यू कंडिशन में अतिशीघ्र बेचना है। संपर्क: - 9131679611, 8109135400. (आरे-993)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152





जैकेट के शेष

छग में बौनापन ....

छत्तीसगढ़ में पिछले सर्वेक्षण के बाद स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में आए बदलावों का आकलन किया जा सकता है।

खुशखबरी...15 नवंबर ....

अनुसार, भारत सरकार ने सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। धान का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ यानी मार्कफेड के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों और लेम्प्स में किया जाएगा। नीति में पिछले वर्ष संचालित 2739 खरीदी केंद्रों के साथ नए केंद्रों में भी खरीदी की व्यवस्था करने का प्रावधान है।

बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से होगी खरीदी : धान खरीदी में पारदर्शिता के लिए पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बायोमेट्रिक आधारित व्यवस्था लागू रहेगी। किसान स्वयं अथवा उसके द्वारा नामांकित व्यक्ति खरीदी केंद्र पर उपस्थित होकर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद धान बेच सकेगा। नामिनी के रूप में माता-पिता, पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, दामाद, पुत्रवधू, सगा भाई-बहन और अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया जाएगा। **सीमावर्ती जिलों में 76 केंद्रों पर विशेष निगरानी** : दूसरे राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर बेचने की आशंका को रोकने के लिए सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। राज्य की सीमाओं पर राजस्व, खाद्य, मंडी, सहकारिता, वन और परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करते हुए जांच दल तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा सीमावर्ती जिलों के 76 खरीदी केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

पुराने बारदानों की दर 25 रुपए : धान खरीदी के लिए नए और पुराने जूट बारदानों की व्यवस्था मार्कफेड करेगा। पुराने जूट बारदाने की दर 25 रुपये प्रति नग निर्धारित की गई है। पुराने बारदानों के उपयोग पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित 10.22 रुपये प्रति नग उपयोगिता शुल्क दिया जाएगा। पीडीएस और मिलरों के पास उपलब्ध पुराने बारदानों का उपयोग भी निर्धारित व्यवस्था के अनुसार किया जा सकेगा। किसानों से बारदाने लेने की स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

गुंडे से भयभीत युवती फंदे ....

संस्थान में काम करती थी। परिजनों के मुताबिक युवक पिछले करीब 2 महीने से उसे परेशान कर रहा था और शादी के लिए दबाव बना रहा था। युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है। जेल भी जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवती ने सुसाइड नोट कहा है कि वह मां और परिवार के अन्य सदस्यों से माफी मांगती है। उसने लिखा कि युवक पुलिस में अपनी पहचान होने और जेल जाने पर जल्द बाहर आ जाने की बात कहकर डराता था। युवती के चाचा ने बताया कि करीब 2 महीने पहले उसकी एक सहेली ने परिवार को बताया था कि एक युवक उसे परेशान कर रहा है। इसके बाद परिवार ने युवती से बात की, तो उसने कहा था कि वह खुद मामले को संभाल लेगी और जरूरत पड़ने पर परिवार को बताएगी। उन्हें जानकारी मिली थी कि युवक युवती पर शादी करने के लिए दबाव डालता था। आरोप है कि वह उसके भाई, बहन और मां को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी देता था। वह पुलिस में पहचान होने की बात कहकर भी धमकाता था।

सैर पर निकले ...

चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। घटनास्थल से लेकर आसपास के मार्गों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब छह बजे ग्राम दशरंगपुर निवासी अधीन मोहले, पिता दुखीराम मोहले, निवासी आवासपारा दशरंगपुर, बबलू बघेल, पिता तिजाऊ राम बघेल तथा ग्राम रेहटा के मांठापारा निवासी गंगाराम सुबह की सैर पर निकले थे। वे आपस में गपशप करते सड़क किनारे बैठे हुए थे, इसी दौरान बिलासपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक आए वाहन की टक्कर इतनी गंभीर थी कि वे बुरी तरह घायल हो गए। सुबह के समय हुई इस दुर्घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद वाहन चालक घायलों की मदद करने के बजाय वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस : तीन ग्रामीणों की मौत के बाद पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और फरार वाहन की पहचान के लिए जांच तेज कर दी। पुलिस टीम ने बरेला से गौधा तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान दुर्घटना के समय के अंतराल में एक टाटा मैजिक श्रेणी का छोटा हाथी वाहन उस मार्ग से गुजरता दिखाई दिया है। सीसीटीवी फुटेज में सामने आए इस सुराग के आधार पर पुलिस वाहन की पहचान और उसके चालक तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। हालांकि, फुटेज में वाहन का दिखाई देना मात्र उसकी दुर्घटना में संलिप्तता की अंतिम पुष्टि नहीं है। पुलिस साक्ष्यों का परीक्षण कर मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। फरार चालक तक पहुंचने के लिए संभावित वाहन की पतासाजी की जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि मामले का जल्द खुलासा कर संबंधित आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। **अज्ञात वाहन चालक पर जुर्म** : पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई जिला अस्पताल में की गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। अब जांच में सीसीटीवी फुटेज महत्वपूर्ण सुराग साबित हो सकता है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फुटेज में दिखाई दे रहा टाटा मैजिक वाहन दुर्घटना से संबंधित है या नहीं। जांच के निष्कर्षों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंडिया गेट पर धरना दे रहे माता पिता को तड़के लिया हिरासत में

अंकिता भंडारी मर्डर केस : दिल्ली पुलिस ने 2 घंटे बाद छोड़ा, गौतम को राज्यपाल बनाने का विरोध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे उनके माता-पिता को पुलिस ने गुरुवार सुबह इंडिया गेट से करीब 3:45 बजे हिरासत में ले लिया। करीब दो घंटे बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और अन्य कार्यकर्ताओं को भी यहीं से हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। सभी प्रदर्शनकारियों को तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में रखा गया है। अंकिता उत्तराखंड के एक होटल में रिसेप्शनिस्ट थी। साल 2022 में एक वीआईपी को विशेष सेवाएं देने से इंकार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। संबंधित वीआईपी की पहचान सार्वजनिक नहीं है। अंकिता का परिवार इस मामले में लगातार दुष्यंत कुमार गौतम की भूमिका पर सवाल उठाता रहा है।

यह है मामला

अंकिता की हत्या 18 सितंबर 2022 को हुई थी और उसका शव 24 सितंबर, 2022 को चिल्ला नहर से बरामद किया गया था। रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को गिरफ़्तार किया गया। हत्या, सबूत मिटाने और अन्य आरोपों के लिए कोटद्वार में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज रीना नेगी ने 30 मई 2025 को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई।



पेज एक के शेष

नक्सलवाद समाप्त करना...

देना पर्याप्त नहीं है, उससे उत्पन्न पीड़ा और अभाव को दूर कर बस्तर को फिर से हंसता-खेलता बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि नक्सल हिंसा से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। उनका समुचित पुनर्वास हो और वह आत्मविश्वास तथा स्वाभिमान के साथ जीवन में आगे बढ़े। इन समन्वित प्रयासों का उद्देश्य प्रत्येक प्रभावित परिवार को सुरक्षा, सम्मान, आजीविका और आगे बढ़ने का अवसर देना है। हम ऐसा बस्तर बनाना चाहते हैं, जहां बच्चों के सपने भय से मुक्त हों, युवाओं के हाथों में हुनर हो और हर परिवार के जीवन में खुशहाली हो। हम प्रभावित लोगों को जीवन में फिर से स्थापित होने का अवसर देना चाहते हैं। यह सरकार का दायित्व है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर और एनएसई फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित शिविर को लेकर शाह ने कहा कि आज सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत इस शिविर के दूसरे चरण का शुभारंभ हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में ऐसे सेवामूलक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि इस अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नक्सल हिंसा से प्रभावित आदिवासी भाई-बहनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सुगम और स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा नक्सल हिंसा में किसी ने हाथ खोया, किसी ने पैर, तो किसी की देखने अथवा सुनने की क्षमता प्रभावित हुई। ऐसे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर देना हमारी साझा जिम्मेदारी है। इस संवेदनशील पहल के लिए मैं छत्तीसगढ़ सरकार, जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और सभी सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद देता हूं। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने विचार व्यक्त किए वहीं राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए।

दिव्यांगजनों के जीवन...

मिलने से वे दोबारा चलने लगे हैं और देशसेवा के लिए फिर से तैयार हैं। बीजापुर जिले के धर्मारम निवासी चंद्रैया सपका ने स्थानीय गोंडी बोली में अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में चिंतावागु नदी में मछली पकड़ने जाते समय नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में उन्होंने अपना दायाँ पैर खो दिया था। शिविर में कृत्रिम पैर मिलने के बाद वे फिर से चल पा रहे हैं। यह उनके जीवन का अत्यंत भावुक और यादगार क्षण है।

रायपुर में आज पहली बार...

बार महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले का आयोजन हो रहा है। वहीं स्मृति मंधाना भारतीय टीम की कप्तान के रूप में मैदान पर उतरेंगी। जिम्बाब्वे की महिला टीम भी पहली बार भारत के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी। मुकाबले को लेकर स्टेडियम में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रायपुर की लाल मिट्टी वाली पिच पर गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है। हालांकि बल्लेबाज भी स्विंग और उछाल का फायदा उठाकर रन बनाने की कोशिश करेंगे। ऐसे में टॉस और शुरुआती ओवर मुकाबले की दिशा तय करने में अहम हो सकते हैं।

शेफाली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें : भारतीय उपकप्तान शेफाली वर्मा भी चर्चा में रहेंगी। उन्होंने अपने पिछले पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 64, 68, 40, 100 और 48 रन बनाए हैं। उनकी मौजूदा फॉर्म भारतीय टीम के लिए मजबूत शुरुआत का आधार बन सकती है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे की सलामी बल्लेबाज केलिस न्धलोवु पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, उन्होंने इस वर्ष 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 320 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 48 गेंदों पर 63 रन की पारी भी खेली थी। इस वर्ष जिम्बाब्वे की ओर से टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाली वह इकलौती बल्लेबाज बताई गई हैं।

स्मृति के लिए अहम होगी...

और छह मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। पहली बार उन्हें सात साल पहले गुवाहाटी में इंग्लैंड के खिलाफ कप्तानी का मौका मिला था, जब हरमनप्रीत कौर चोट के कारण मैदान पर नहीं उतर सकी थीं। 30 वर्षीय स्मृति के पास 13 साल के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव है। पिछले तीन वर्षों में उन्होंने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं। दिए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 148.25 रहा है। ऐसे में कप्तानी के साथ बल्लेबाजी में भी उनसे अहम भूमिका निभाने की उम्मीद होगी।

सीजेआई की तल्ख...

करते हुए न्यायालय ने कहा कि सभी पक्षों को सुना जाएगा। सुनवाई के दौरान कुछ वकीलों ने राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं के सोमवार को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने का जिक्र किया और कहा कि यह न्यायालय पर दबाव बनाने की कोशिश थी। इस पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, न्यायपालिका को कोई डरा-धमकाकर दबाव में नहीं ला सकता। पीठ ने राहुल गांधी और अन्य नेताओं की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि उसने याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर गौर किया है। हालांकि, उसने उस याचिकाकर्ता का नाम नहीं बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी समेत कुछ नेताओं के आचरण और उनके बयानों का जिक्र किया तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम जमीनी हकीकत से बेखबर नहीं हैं। हमें पता है कि वे बाहर क्या बयान दे रहे हैं और न्यायालय में क्या कह रहे हैं। हमें सब पता है। मतदाता सूचियों में 'वोट चोरी' के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन सोमवार को उच्चतम न्यायालय के दरवाजे तक पहुंच गया था। राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं और नागरिक संगठनों के सदस्यों के साथ 'लोकतंत्र के लिए मार्च' निकाला था। उन्होंने एसआईआर और चुनाव में कथित अनियमितताओं के खिलाफ संयुक्त याचिका भी दायर की थी। न्यायालय ने एसआईआर में कथित अनियमितताओं के विरोध में उच्चतम न्यायालय तक 12 अक्टूबर को निकाले गए मार्च के खिलाफ दायर एक याचिका पर राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और कांग्रेस पार्टी को भी नोटिस जारी किए। न्यायालय ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी निर्वाचन आयोग और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किए।

'पति के दूसरी महिलाओं से संबंध', उत्तराखंड की मंत्री ने दर्ज कराई एफआईआर

: देहरादून। उत्तराखंड की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अपने पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। मंत्री ने पति पर पहली शादी की बात छिपाने, दूसरी महिलाओं से संबंध रखने, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस बीच उनकी तबीयत भी बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया।

'भारत पर 100% टैरिफ का फैसला 10 दिन में संभव'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर 100% टैरिफ लगाने को लेकर करीब 10 दिन में फैसला ले सकते हैं। यह बात अमेरिकी दूत सर्जियो गोर ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कही। गोर ने कहा कि भारत को प्रतिबंधों से छूट मिलेगी या नहीं, यह भी ट्रंप ही तय करेंगे। अमेरिकी संसद ने 18 सितंबर को रूस से तेल-गैस खरीदने वाले देशों पर 100% टैरिफ लगाने का बिल पास किया था। ट्रंप ने भी इस कानून को मंजूरी दे दी है, लेकिन किसी देश पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। हालांकि कानून पारित होने के 30 दिनों के भीतर फैसला लेना जरूरी है। गोर ने कहा कि इस कानून का मकसद किसी देश को सजा देना नहीं, बल्कि रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना है।

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
जिला कार्यालय सूरजपुर (छ.ग.)

क्रमांक/विप. विज्ञापन / 476/2026 सूरजपुर, दिनांक 15.10.2026

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला-सूरजपुर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में विपणन संघ से संबंधित बारदाना परिवहन गोदाम से समिति कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। बिड संख्या / Bid Number: GEM/2026/B/8161303 निविदा दिनांक 14.10.2026 से 24.10.2026 समय शाम 05.00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी/डी.डी. की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला कार्यालय सूरजपुर में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट www.gem.gov.in पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाइन के रूप में उपलब्ध है।

S-49461

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 04/ व.ले.लि./2026-27 दिनांक 13-10-2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04.11.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

सिस्टम निविदा क्र	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सिस्टम निविदा क्र. 201363	झोकानाला जलाशय योजना के शीर्ष एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य ।	रू. 326.46 लाख (जी.एस.टी. छोडकर) निविदा जल संसाधन विभाग के एस. ओ. आर. 01.05.2025 एवं 08.08.2025 के संशोधन अनुसार आमंत्रित है।

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
कोरबा (छ.ग.)

G-262703986/5

कार्यालय कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण,परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र.01, जिला-रायपुर

// मदवार (Item wise) निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 1772/NIT-06/2026-27/ तक/ छगग्रासविअ/ 2026 रायपुर, दिनांक 14/10/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी दर अनुसूची 2015 तथा ग्रा.या.से. द्वारा जारी दर अनुसूची 2021 एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (Manual) निविदा फार्म "ए" प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती हैं।

स. क्र.	कार्य का नाम एवं स्थान	ठेके की अनुमानित लागत (रू. लाख में)
01	छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, सिविल लाईन्स रायपुर में विभिन्न मद-वार (Item wise) कार्य ।	20.00

2/निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 16.10.2026 से देखी जा सकती हैं।

(टीप- आमंत्रित निविदा के निविदा दस्तावेज में ऑनलाईन के स्थान पर मैन्युअल पढ़ा जावे एवं निविदा भरने की प्रक्रिया ऑनलाईन के स्थान पर मैन्युअल पढ़ा जावे)

कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव,
छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास
अभिकरण,परियोजना क्रियान्वयन इकाई
क्र.01,जिला-रायपुर (छ.ग.)

S-49466

RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION
Head Office Mahatama Gandhi Sadan
Phone no. 0771-253780, 90 Fax: 0770-2227395 E-mail: dc_rmc@rediffmail.com

No.115/ Culture/RMC/26 Raipur, Date-15.10.2026

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

For and on behalf of Raipur Municipal Corporation
Raipur Municipal Corporation (RMC), Culture Department, invites proposals from reputed, experienced and eligible Cultural Organizations/ Event Management Agencies/ Consultants/ Firms for the Conceptualization, Planning, Management and Execution of "Raipur Cultural Calendar 2026-27".
The initiative aims to promote the heritage, literature, arts, tourism and citizen participation of Raipur City through a structured cultural engagement programme comprising recurring public events, community activities and digital outreach.
The selected agency shall be responsible for end-to-end planning, coordination, management and execution of the Cultural Calendar, including Heritage Walks, Kids Learning Centre Sessions, Flagship Cultural Events, Community Engagement Activities, Senior Citizen Activities, Digital Cultural Outreach and other related activities as specified in the RFP document.
The agency shall also be responsible for event conceptualization, creative planning, registration and participant management, volunteer coordination, publicity, press/public relations, digital content creation, documentation and submission of periodic progress reports.
The selection of the agency shall be carried out through a two-stage evaluation process comprising Technical Qualification and Financial Bid, in accordance with the eligibility criteria, scope of work and terms & conditions specified in the RFP document.
The detailed Scope of Work, Eligibility Criteria, Terms & Conditions, Financial Proposal Format and other relevant details may be seen and downloaded from the official website of Raipur Municipal Corporation: nagarnigamraipur.nic.in_Interested and eligible agencies are invited to participate and submit their Technical Proposal and Financial Proposal in separate sealed envelopes, in the manner prescribed in the RFP document, at the office of:
Executive Engineer,
Raipur Municipal Corporation,
Room No. 416, 3rd floor
RFP Details
EMD: 5,000/- •
Publication Date: 15/10/2026
Start Date for Submission: 16/10/2026
Last Date & Time for Submission: 16/11/2026, 05:30 PM
Date of Opening of Technical Proposal: 17/11/2026
Telephone: 9827180770
E-mail: dc_rmc@rediffmail.com

घरों से निकलने वाले सूखा व गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

COMMISSIONER
RAIPUR MUNICIPAL
CORPORATION

OFFICE OF THE COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(Second Call)

NIT NO: /245/RMC/2026 RAIPUR DATED : 14/10/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 30/10/2026 at 17:30 hours.

System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor/ firm	Time allowed for Completion
201800	Operation and maintenance of CCMS pannel under Raipur Municipal Corporation	36.00 Lacs	5,000.00	27,000.00	"D" and Above	12 Monts

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 14/10/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.
Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No. 18004199140* or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) For More Details please download NIT detaills. (4) Mobile N0-78988-10000

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

शब्द पहेली - 6379



बाएँसेदाए±
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

ऊपर से नीचे
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

शब्द पहेली -6378 का हल

म	न	मो	ह	न	■	र	वा	ना	हो	ना
न	■	म	क	र	■	त	ल	ना	■	का
मो	ह	■	■	गि	■	ज	■	■	क	म
ह	म	■	आ	स	ल	गा	ना	■	मा	या
क	ल	र	व	■	क्ष	य	■	म	त	ल	ब
■	■	■	भ	ला	■	जो	र	■	■	■
ज	ग	म	ग	■	मौ	■	ख	चा	ख	च
मी	ल	■	त	म	त	मा	ना	■	र	म
न	त	■	■	हा	■	ल	■	■	ल	क
दा	■	म	चा	न	■	खा	रि	श	■	दा
र	म	णी	य	ता	■	ना	ट	क	का	र

सूडोकु नवताल - 6389

सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6388 का हल



जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच आज शाम 7 बजे से

स्मृति मंधाना की कप्तानी में नए युग की शुरुआत करेगी भारतीय महिला टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत शुक्रवार को रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में जब नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ नए युग की शुरुआत करेगा तो उसकी निगाह अपने खेल को और बेहतर बनाने पर होगी। यह पहला अवसर है जबकि भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में एक-दूसरे का सामना करेंगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा। इस मैच को लेकर क्रिकेट फैंस में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

एशियाई स्तर पर टीम का दबदबा कायम

भारतीय टीम ने हाल में एशियाई स्तर पर अपना दबदबा साबित किया लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विशेषकर छोटे प्रारूप में उसे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है। भारत का टी20 विश्व कप में पिछले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था जिससे उसकी कमजोरी भी खुलकर सामने आ गई। टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को लगातार चुनौती देनी है तो उसे खेल के तीनों विभाग में सुधार करना होगा।



हम निर्भीक होकर समझदारी भरा टी-20 खेलना चाहते हैं : शेफाली

उप-कप्तान शेफाली वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर होने वाली महिला चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए निर्भीक अंदाज में, लेकिन समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना चाहती है। भारतीय महिला टीम पहली बार द्विपक्षीय सीरीज में जिम्बाब्वे का सामना करेगी। यह टी20 सीरीज फरवरी में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट की तैयारियों का हिस्सा है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच यहां तीन मैच की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद दोनों टीम तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए वडोदरा जाएंगी। सीरीज के पहले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात करते हुए शेफाली ने कहा, "हमने इस बारे में चर्चा की है कि चैंपियंस ट्रॉफी तक हमें इस सीरीज में निडर होकर और समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना है।

हरमनप्रीत का फॉर्म चिंता का विषय

इसके अलावा पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म भी चिंता का विषय बनी हुई है। हरमनप्रीत अब टीम में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेगी जिससे उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव और भी बढ़ जाएगा। भारत को निचले क्रम में ऋचा घोष का साथ देने के लिए कुछ और पावर हिटर तैयार करने की भी जरूरत है।

क्षेत्र रक्षण में काफी सुधार करने की जरूरत

पिछले कुछ समय में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है और टीम को इस विभाग में काफी सुधार करने की जरूरत है। अगर गेंदबाजी विभाग की बात करें तो नंदनी शर्मा का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन अगर संपूर्ण तेज गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो उन्हें अपना प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है, जिसमें युवा श्री चरणी ने शानदार प्रदर्शन किया है। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है जबकि बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए लेग-ब्रेक गेंदबाज प्रेमा रावत को अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। टीम में शामिल नए चेहरों में निक्की प्रसाद और जिंतिमानी कलिता शामिल हैं।



आत्म विश्वास से भरी है जिम्बाब्वे

यह श्रृंखला जिम्बाब्वे के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उसकी टीम ने हाल में वेस्टइंडीज को वनडे मैच में हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम की कप्तानी जोसेफिन नकोमो करेंगी। टी20 मैचों के बाद दोनों टीमें वडोदरा में तीन वनडे मैच खेलेंगी।

टीमें इस प्रकार हैं

भारत: स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा, निकी प्रसाद, हरमनप्रीत कौर, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष, जी कमलिनी, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमानी कलिता, मिन्नू मणि।

जिम्बाब्वे: जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिजा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, केलिस नधलोवु, मिशेल मावुंगा, न्याशा ग्वानजुरा, नोम्पिलो सिबांडा, लोरिन फिरी, चिएजा दुरुरु, मोडेस्टर मुपाचिक्वा, तेंदानेई मायकुशा।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय : एक पारी में 50 से ज्यादा रन सात बार लुटा चुके हैं अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए रन रोकना हमेशा बड़ी चुनौती रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाज तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। कई बार भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को भी एक पारी में जमकर रन खर्च करने पड़े हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय गेंदबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन दिए हैं।

अर्शदीप सिंह (7 बार)

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इस सूची में पहले स्थान पर हैं। वह अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 95 पारियों में 7 बार एक पारी में 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 8.62 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। वह 4 मेडन ओवर भी डाल चुके हैं। उन्होंने 20.30 की औसत से 145 विकेट अपने नाम किए हैं।



युजवेंद्र चहल (4 बार)

भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 80 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसकी 79 पारियों में 4 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। इस खिलाड़ी ने 8.19 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने 2 मेडन के साथ 25.09 की औसत से 96 विकेट भी चटकाए हैं। चहल ने 2 बार 4 विकेट हॉल और एक बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

अक्षर, कृष्णा और वरुण 3-3 बार बार दिए 50+ रन

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 गेंदबाज हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 3-3 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। प्रसिद्ध ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 11 की इकॉनमी से गेंदबाजी की है और 8 पारियों में 9 विकेट लिए हैं। वरुण ने 46 पारियों में 7.58 की इकॉनमी से 75 विकेट लिए हैं। अक्षर ने 104 पारियों में 7.64 की इकॉनमी से 113 विकेट चटकाए हैं।

इन खिलाड़ियों ने दिए हैं 2-2 बार दिए 50+ रन

इस सूची में चौथे स्थान पर 9 भारतीय गेंदबाज संयुक्त रूप से मौजूद हैं। हर्षित राणा (12 पारियां), मोहम्मद सिराज (16 पारियां), क्रुणाल पांड्या (19 पारियां), हर्षल पटेल (24 पारियां), आवेश खान (24 पारियां), रवि बिश्नोई (53 पारियां), कुलदीप यादव (54 पारियां), जसप्रीत बुमराह (97 पारियां) और हार्दिक पांड्या (125 पारियां) ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 2-2 बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।



एलिना वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| वुहान

पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बृहस्पतिवार को यहां वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली चीन की खिलाड़ी गुओ हान्यू को 6-1, 6-4 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

गुओ ने पिछले मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त सोराना सिर्स्टिया को 1-6, 7-6 (6), 7-5 से हराकर उलटफेर किया था लेकिन स्वितोलिना के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई। इगा स्वियातेक ने बृहस्पतिवार को यहां अमेरिका की एशलिन क्रुगर को 6-1, 6-4 से हराकर वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

एमबाप्पे और हालैंड ने मेस्सी के रिकॉर्ड तोड़े

एजेंसी ▶▶| रोम

किलियन एमबाप्पे चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने रियाल मैड्रिड और रोमा के बीच खेले गए मैच में यह उपलब्धि हासिल की। एमबाप्पे ने लियोनेल मेस्सी का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सितंबर 2015 में 28 वर्ष की आयु में बार्सिलोना की तरफ से रोमा के खिलाफ ही खेलते हुए पिछला रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने मैड्रिड की 4-3 की जीत में पहले हाफ में बराबरी का गोल दागकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

किलियन सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने





एर्लिंग 60 गोल करने वाले सबसे छोटे खिलाड़ी

चैंपियंस लीग में बुधवार को मेस्सी का केवल यह रिकॉर्ड ही नहीं टूटा बल्कि एक और रिकॉर्ड उनके नाम से चला गया। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड ने पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ अपनी टीम की 2-4 से हार के दौरान दो गोल किए। इससे उनकी चैंपियंस लीग में कुल गोल की संख्या 60 मैच में 61 हो गई है। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अनुसार 26 साल और 85 दिन की उम्र में हालैंड चैंपियंस लीग में 60 गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मेस्सी का रिकॉर्ड को एक दिन के अंतर से तोड़ा।

डॉ. वाघानी
दर-दाँत
गम पेंट
असली केंदवा मलहम
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 57303बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

डेनमार्क ओपन

त्रीसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| वओडेन्से (डेनमार्क)

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया की रेचेल एलेस्या और रोज फेबी सेटियानिंगरम की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

अगस्त में नयी दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से शिकस्त दी। अब क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग की युंग डा टिंग और युंग पुई लैम तथा मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

श्रीकांत हारे मौजूदा विश्व चैंपियन से

इससे पहले किदांबी श्रीकांत ने अपने पुराने अंदाज की झलक दिखाई, लेकिन तीन गेम तक चले प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लानियर से हार गए। 2017 में चार खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने नौ साल बाद अपने शानदार नेट प्ले का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। लेकिन 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे छह मिनट में 11-21, 21-15, 21-15 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में भारत की अश्मिता चालिहा को जापान की अकाने यामागुची ने 21-18, 21-10 से हरा दिया।

जूनियर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप : जगशेर का पदक पक्का

काहिरा। भारत के जगशेर सिंह खंगूरा ने बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन जूनियर विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के युआन-स्यू झुआंग को रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक सुनिश्चित किया। पंजाब के इस बैडमिंटन खिलाड़ी ने काहिरा इंटरनेशनल स्टेडियम में तीन गेम तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दूसरे गेम में मैच प्वाइंट बचाकर 6-15, 17-15, 15-12 से जीत दर्ज की। खंगूरा ने इससे पहले दिन में प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के ली कियान चोंग को 15-8, 15-8 से हराया था। भारत अब तक इस चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदक जीत चुका है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425
डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुशासन के संकल्प से



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ बन रहा
स्पोर्ट्स का नया हब

13.47 एकड़
भूमि पर राष्ट्रीय **तीरंदाजी अकादमी**

₹250.73 करोड़
से आधुनिक खेल **अधोसंरचना का विकास**

₹209 करोड़
से मल्टी **स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स**



प्रतिभाओं का सम्मान

ओलंपिक गेम्स **विजेताओं** को

₹3 करोड़
तक की प्रोत्साहन राशि

ओलंपिक गेम्स **प्रतिभागियों** को

₹21 लाख
तक की प्रोत्साहन राशि

जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन

बस्तर ओलंपिक
एवं
सरगुजा ओलंपिक
का निरंतर आयोजन

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

तुर्किये के तट पर मिला दुनिया के सबसे पुराने जहाज का मलबा

अंकारा। पुरातत्वविदों ने समुद्र में डूबे सबसे पुराना जहाज का मलबा ढूंढ़ निकालने का दावा किया है। तुर्किये के तट के पास दुनिया का यह सबसे पुराना डूबा जहाज मिला है। एक्सपर्ट ने इसका 4,400 से 4,700 साल पुराना होना आंका है। यानी यह शुरुआती कांस्य युग का है। यह वह समय है, जब मिस्र का ग्रेट पिरामिड बन रहा था। इस जहाज के मलबे में लकड़ी का ढांचा नहीं बचा है, लेकिन उसमें रखे मिट्टी के बर्तन समुद्र की तलहटी में मिले हैं। खास बात यह है कि कुछ बर्तनों में अभी भी उनके अंदर रखी चीजों के निशान हैं। मलबा खोजने वाले पुरातत्वविदों का कहना है कि यह करीब 10 मीटर लंबा और भूमध्य सागर में सामान ले जाने वाला व्यापारिक जहाज था। यह मलबा तुर्की के अंताल्या में केकोवा द्वीप के तट के पास मिला है। जहाज से जुड़ी चीजें पानी के नीचे एक ढलान पर बिखरी हुई मिलीं, जो लहरों से सिर्फ 30 मीटर नीचे हैं।

4,700 साल पहले डूबा था, बना अनोखा रिकॉर्ड

यह एक टाइम कैप्सूल

भूमध्यसागरीय पुरातत्व संघ अभियान का नेतृत्व करने वाले तुर्की की अकदेनिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हाकान ओनज ने कहा कि यह डूबा जहाज समुद्र की तलहटी में एक 'टाइम कैप्सूल' की तरह है। एक्सपर्ट को वहां पत्थर के तीन बड़े लंगर और मिट्टी के 30 से ज्यादा बर्तन मिले, जिन्हें एम्फोरा कहा जाता है। जहाज की लकड़ी का कोई हिस्सा ना बचने के कारण रेडियोकार्बन डेटिंग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके इसकी उम्र का पता नहीं लगाया जा सका। रेडियोकार्बन डेटिंग से जैविक पदार्थों में कार्बन के एक रूप को मापा जाता है। इसके बजाय पुरातत्वविदों ने एम्फोरा के आकार का विश्लेषण किया है।



कैसे बना सबसे पुराना डूबा जहाज

केकोवा में हुई यह खोज इसे दुनिया के सबसे पुराने डूबे हुए जहाजों की सूची में सबसे ऊपर रखती है। इससे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिणी ग्रीस के डोकॉस द्वीप के पास मिले एक डूबे जहाज के नाम था, जो 4,200 साल पुराना है। वहीं, सबसे पुराना ज्ञात डूबा हुआ जहाज बुल्गारिया के तट के पास ब्लैक सी में मिला था, जो 2,400 साल पुराना है। इसकी कुछ लकड़ी अभी भी सुरक्षित है।



समुद्र में मिले बर्तन क्यों खास

केकोवा में मिले मिट्टी के बर्तन खास तरह के हैं। इनमें दो हैंडल, बीच में उभार और सपाट आधार है। ओनज ने कहा कि यह डिजाइन मिस्र और अरब में मिले उन एम्फोरा से मिलता है, जिनकी उम्र 4,400-4,700 साल है। सजावट के तरीकों की तुलना पर कह सकते हैं कि मलबा 100 फीसदी शुरुआती कांस्य युग का है। अभियान में शामिल गोताखोर इन बर्तनों को सतह पर लाए। हजारों साल तक पानी के नीचे रहने के बाद अब इन्हें संरक्षित किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की मैक्वेरी यूनिवर्सिटी की पुरातत्वविद कैरिन सोवाडा ने बताया कि बर्तन सही-सलामत थे।

बर्तनों में क्या लाया जा रहा था

रिसर्च टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उन एम्फोरा (मिट्टी के बड़े जार) में असल में क्या ले जाया जा रहा था। सोवाडा का कहना है कि यह जैतून का तेल हो सकता है, वाइन हो सकती है या पेड़ों की राल हो सकती है। हो सकता है कि लोग पहुंचने पर इन जार को खाली कर देते होंगे और कई सालों तक इनका इस्तेमाल करते होंगे। यह डूबा हुआ जहाज और उसका सामान प्राचीन दुनिया में व्यापार के बारे में जानकारी दे रहा है।

ब्रिटेन के किसान ने उगाया दुनिया का सबसे भारी कद्दू

लंदन। लोग अक्सर अपने बगीचे में छोटे पौधे या सब्जियां उगाकर खुश हो जाते हैं, लेकिन सोचिए अगर कोई कद्दू इतना बड़ा हो जाए कि उसका वजन एक गैंडे से भी ज्यादा हो तो? ब्रिटेन में कुछ ऐसा ही कमाल हुआ है। हैम्पशायर में रहने वाले नर्सरी मालिक इयान पैटन ने दुनिया का सबसे भारी कद्दू उगाकर इतिहास बना दिया है। इस कद्दू का वजन 2,856 पाउंड (यानी 1,295.8 किलो) है। इस कद्दू का नाम इयान के बेटे ने 'बघीरा' रखा है, जो 'द जंगल बुक' के काले पैंथर के नाम से लिया गया है। बर्कशायर के वारग्रेव में हुए 'ग्रेट पम्पकिन कॉमनवेल्थ वेट ऑफ' में जब इसे तौला गया, तो जज भी हैरान रह गए।



पेट की गांठ

पेट में कोई गांठ या असामान्य सूजन महसूस हो, जांच में देरी न करें।
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

घर बदलने का अनोखा तरीका, सामान की जगह पूरा मकान कर देते हैं शिफ्ट

घर बदलना किसी बड़े काम से कम नहीं होता। खासकर भारत में जब किसी परिवार को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट होना होता है, तो कई दिन पहले से तैयारियां शुरू हो जाती हैं। सबसे पहले घर का सारा सामान पैक किया जाता है। फिर बेड, सोफा, अलमारी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और दूसरी जरूरी चीजों को ट्रक में लादा जाता है।

वेलिंगटन। नए घर में पहुंचने के बाद सामान उतारना और उसे सही जगह पर रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं होता। कई बार इस पूरी प्रक्रिया में कई दिन लग जाते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि कोई परिवार सामान के साथ अपना पूरा मकान ही दूसरी जगह ले जाए?



सुनने में यह बात अजीब लग सकती है, लेकिन न्यूजीलैंड में कुछ लोग ऐसा ही करते हैं। यहां मकानों को एक जगह से उठाकर दूसरी जगह पहुंचाया जाता है। सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे देखकर लोग हैरान हो रहे हैं। दरअसल, न्यूजीलैंड में रहने वाली भारतीय महिला आंचल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। आंचल अपने वीडियो में बताती हैं कि न्यूजीलैंड में घर को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना कोई अनोखी बात नहीं है। यहां कुछ मकानों को उनकी नींव से अलग करके बड़े ट्रकों की मदद से दूसरी जगह ले जाया जाता है। इसके लिए खास मशीनों और उपकरणों की मदद ली जाती है। पहले मकान को उसकी नींव से अलग किया जाता है। इसके बाद उसे सावधानी से उठाकर एक बड़े ट्रक या विशेष ट्रेलर पर रखा जाता है।

न्यूजीलैंड में क्यों शिफ्ट किए जाते हैं मकान?

न्यूजीलैंड में कई मकान लकड़ी और हल्के बनाए जाते हैं। ऐसे कुछ मकानों को विशेष तकनीक की मदद से एक जगह से दूसरी जगह ले जाना संभव होता है। कई बार लोग पुराने मकान को तोड़ने के बजाय उसे दूसरी जमीन पर इस्तेमाल करना चाहते हैं। कुछ मामलों में जमीन खाली करने या किसी दूसरी जगह मकान की जरूरत होने पर भी ऐसा किया जाता है। इस तरह मकान को दोबारा इस्तेमाल करने से निर्माण सामग्री की बर्बादी कम हो सकती है। हालांकि, मकान को स्थानांतरित करने में भी काफी मेहनत, पैसा और तकनीकी तैयारी लगती है। यह वीडियो दिखाता है कि दुनिया के अलग-अलग देशों में रोजमर्रा के काम करने के तरीके कितने अलग हो सकते हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com